बुधवार, 19 फरवरी 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 30 – 22 |
| आर्द्रता | 68% |
| सूर्योदय: 6:06 | सूर्यास्त: 17:35 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा
कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष षष्ठी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर



यूपी विधानसभा में छिड़ी उर्दू और अंग्रेजी पर करारी बहस –पृष्ठ 6

सुविचार : अपना वो है जिससे बात करने पर खुशी दुगुनी और दु:ख आधे हो जाएं।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## महाकुंभ 'मृत्युकुंभ' में बदल गया है : ममता



- महाकुंभ पर बंगाल की मुख्यमंत्री के बिगड़े बोल, भाजपा बोलीं... ये हिंदुओं का अपमान
- महाकुंभ में भगदड़ की घटना को लेकर ममता ने केंद्र व यूपी सरकार को घेरा
- कहा... भगदड़ में 30 नहीं बल्कि हजारों लोग मारे गए

**कोलकाता :** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रयागराज के बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हाल में हुई भगदड़ की घटना का उल्लेख करते हुए मंगलवार को केंद्र और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि महाकुंभ 'मृत्युकुंभळ में बदल गया है। राज्य विधानसभा में बोलते हुए ममता ने दावा किया कि महाकुंभ में मरने वालों की वास्तविक संख्या को छिपाया गया है। ममता ने कहा कि मैं महाकुंभ का सम्मान करती हूं लेकिन वहां जो घटना घटी वह अत्यंत हृदयविदारक है।

बता दें कि ममता से पहले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने महाकुंभ को लेकर विवादित बयान था। रविवार को लालू से जब कुंभ को सवाल किया गया तो उन्होंने कहा था कि फालतू है कुंभ। उनके बयान पर विवाद मच गया था।

ममता ने दावा किया कि वहां (प्रयागराज में) भगदड़ में 30 नहीं बल्कि हजारों लोग मारे गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मृतको की संख्या कम दिखाने के लिए सैकड़ों शवों को छिपा दिया गया। बहुतों शवों को गंगा में बहा दिया गया।

राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के जवाब में सदन को संबोधित करते हुए ममता ने यूपी सरकार पर कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए इस बात के लिए आलोचना की कि उसने उचित व्यवस्था किए बिना महाकुंभ को लेकर इतना प्रचार प्रसार किया। ममता ने कहा कि इस आयोजन को लेकर इतना शोर मचाया, लेकिन आयोजन स्थल पर उचित व्यवस्था नहीं की गई। यह महाकुंभ अव्यवस्था का दूसरा नाम है।

ममता ने भगदड़ में मारे गए बंगाल के निवासियों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि उनके शवों को बिना पोस्टमार्टम व बिना डेथ सर्टिफिकेट के वापस भेज दिया गया, जिससे परिवारों के लिए मुआवजा प्राप्त करना मुश्किल हो गया।

हमने यह सुनिश्चित करने के लिए पोस्टमार्टम करवाया कि उनके परिवारों को मृत्यु प्रमाण पत्र मिल जाए।

**महाकुंभ में वीआइपी संस्कृति की आलोचना**

ममता ने महाकुंभ में वीआइपी संस्कृति की भी आलोचना की। ममता ने कहा कि आम लोगों को असुविधा ना हो इसलिए मैंने डुबकी से परहेज किया, लेकिन इस कार्यक्रम में वीआइपी लोगों को विशेष सुविधाएं दी गईं। महाकुंभ में अमीरों और वीआइपी लोगों के लिए एक लाख तक के टेंट उपलब्ध हैं, लेकिन गरीबों के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। ममता ने कहा कि मेले में भगदड़ की स्थिति आम है, लेकिन उचित प्रबंधन जरूरी है। आपने क्या योजना बनाई थी?

ममता ने भाजपा पर अपने राजनीतिक लाभ के लिए धर्म का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

**महाकुंभ का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान : सुवेंदु**

ममता द्वारा महाकुंभ को मृत्युकुंभ कहे जाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि महाकुंभ का अपमान हिंदुस्तान नहीं सहेगा। यह करोड़ों हिंदुओं की आस्था पर चोट है। विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बातचीत में सुवेंदु ने कहा कि आप सच्चे हिंदू हैं तो राजनीति से ऊपर उठकर ममता बनर्जी के इन अपशब्दों का जोरदार विरोध करें। देश व हिंदू समाज को ममता को सबक सिखाना चाहिए। सुवेंदु ने सभी संत समाज, अखाड़ों व शंकराचार्यों से भी अनुरोध किया कि वे महाकुंभ के अपमान का मुंहतोड़ जवाब दें। आस्था पर चोट पहुंचाने वाले के खिलाफ सभी मिलकर आवाज उठाएं।साथ ही इस टिप्पणी के खिलाफ हिंदू समाज से ममता का पुतला जलाने का भी आह्वान किया।

### महाकुंभ पर ममता की टिप्पणी 'पूर्वाग्रह' पर आधारित : सुधांशु त्रिवेदी

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुंभ के लिए 'मृत्यु कुंभ' शब्द का इस्तेमाल करने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कड़ी निंदा की और कहा कि उनकी यह टिप्पणी यथार्थ पर नहीं बल्कि उनके 'पूर्वाग्रह' पर आधारित है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पीटीआई–भाषा से कहा, जो हिंदू धर्म की भावना की मृत्यु देखना चाहते हैं, जो हिंदू धर्म की एकता की मृत्यु देखना चाहते हैं, वही महाकुंभ में मृत्यु कुंभ देख रहे हैं। वे बहुत दुखद, भर्त्सना योग्य और निंदनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इस प्रकार का बयान किसी मुख्यमंत्री को नहीं देना चाहिए क्योंकि यह यथार्थ पर नहीं उनके पूर्वाग्रह पर आधारित है। त्रिवेदी ने कहा महाकुंभ में दुखद हादसे में राज्य सरकार ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच गठित कर दी है। उन्होंने कहा, इस हादसे पर जो विपक्षी दल प्रतिक्रिया दे रहे हैं उनमें संवेदना का भाव कम और संतुष्टि का भाव ज्यादा नजर आ रहा है।

### यूपीएससी ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 21 फरवरी तक बढ़ाई

**नयी दिल्ली :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने इस साल की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 फरवरी तक बढ़ा दी है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों के चयन के वास्ते यूपीएससी की ओर से हर साल तीन चरणों (प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार) में आयोजित की जाने वाली परीक्षा के पहले चरण के लिए आवेदन की समय सीमा दूसरी बार बढ़ाई गई है।


### राष्ट्रपति ने आप नेता सत्येन्द्र जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जैन (60) के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 218 के तहत मंजूरी मांगी गई थी।

## कोलकाता की अदालत ने सात महीने की बच्चे से दुष्कर्म के दोषी को मृत्युदंड सुनाया

**बड़तल्ला इलाके में वारदात को दिया था अंजाम**

**कोलकाता :** कोलकाता की एक विशेष पॉक्सो अदालत ने मंगलवार को उत्तरी कोलकाता में सात महीने की बच्ची के साथ बलात्कार और उसकी हत्या के प्रयास के दोषी व्यक्ति को फांसी की सजा सुनाई। बैंकशाल में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) अदालत ने सोमवार को व्यक्ति को शहर के बड़तल्ला इलाके में वारदात को अंजाम देने के बाद गिरफ़्तारी के 75 दिन के भीतर बच्ची के अपहरण, बलात्कार और हत्या के प्रयास का दोषी ठहराया। बचाव पक्ष के वकील और राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले सरकारी वकील की अंतिम दौर की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने सजा की घोषणा की। सरकारी वकील ने यह तर्क देते हुए मृत्युदंड की प्रार्थना की कि अपराध 'दुर्लभ से दुर्लभतम' मामले की श्रेणी में



आता है। पश्चिम बंगाल की अदालतों में पिछले छह महीने में सातवीं बार मौत की सजा सुनाई गई है। नाबालिगों के यौन उत्पीड़न के लिए पॉक्सो अधिनियम के तहत इस अवधि में छठी बार मौत की सजा सुनाई गई है। न्यायाधीश इंद्रिला मुखर्जी ने राजीव घोष को भारतीय न्याय संहिता की धारा 65 (2), 140 (4), 137 (2) और 118 तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत दोषी पाया। दोनों अधिनियमों की पहली और आखिरी धाराओं के तहत दोषी को अधिकतम सजा के रूप में फांसी की सजा का प्रावधान है। पिछले साल 30 नवंबर को अपराध करने वाले घोष को 5 दिसंबर की सुबह झारग्राम जिले के गोपीबल्लवपुर इलाके में उसके घर से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने मामले में अपना पहला आरोप पत्र 30 दिसंबर को दाखिल किया और कुछ दिन बाद पूरक आरोप पत्र दाखिल किया। विशेष लोक अभियोजक बिभास चटर्जी ने सोमवार को बताया कि सड़क किनारे झुग्गी में रहने वाली बच्ची का अभी यहां सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज चल रहा है। चटर्जी ने कहा कि 7 जनवरी को शुरू हुई सुनवाई प्रक्रिया पूरी होने में महज 40 दिन लगे।

## महाकुंभ में 55 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी : उप्र सरकार

**महाकुंभ नगर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को दावा किया कि प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में अब तक 55 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई है। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक मंगलवार को शाम आठ बजे तक 1.26 करोड़ लोगों ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई और 13 जनवरी से 18 फरवरी तक स्नान करने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर 55.56 करोड़ पहुंच गई है। राज्य सरकार की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, 55 करोड़ से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं का आना, किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी सहभागिता है। यह महाकुंभ मेला 26 फरवरी (महाशिवरात्रि) तक चलेगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि भारत के 110 करोड़ सनातन अनुयायियों में से आधे ने डुबकी लगा ली है और 26 फरवरी को अंतिम स्नान अनुष्ठान तक यह संख्या 60 करोड़ से अधिक होने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि प्यू रिसर्च 2024 के अनुसार, दुनिया भर में अनुमानित 120 करोड़ लोग सनातन धर्म को मानते हैं, जिसका अर्थ है कि दुनिया भर के 45 प्रतिशत से अधिक सनातनियों ने संगम में डुबकी लगाई है।

### महाकुंभ मेले की अवधि नहीं बढ़ेगी–डीएम

प्रयागराज के जिलाधिकारी (डीएम) रवींद्र मांदड़ ने भारी भीड़ के कारण महाकुंभ मेले के विस्तार के संबंध में सोशल मीडिया पर प्रसारित अफवाहों का मंगलवार को स्पष्ट रूप से खंडन किया। मांदड़ ने कहा, महाकुंभ मेले का जो कार्यक्रम जारी होता है, वह मुहूर्त के हिसाब से जारी होता है और पहले से तय होता है। 26 फरवरी को निर्धारित तिथि पर ही महाकुंभ का समापन होगा और तब तक जो भी श्रद्धालु आ रहे हैं, उन सभी के सुगम आवागमन को सुनिश्चित किया जा रहा है।

## न्यायालय ने इलाहाबादिया को राहत दी, अभद्र टिप्पणी के लिए फटकार लगाई



**इलाहाबादिया और सहयोगी अगले आदेश तक कोई अन्य शो नहीं प्रसारित करेंगे: न्यायालय**

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने एक यूट्यूब कार्यक्रम के दौरान कथित रूप से अशोभनीय टिप्पणी करने के मामले में रणवीर इलाहाबादिया को मंगलवार को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया और कार्यक्रम को 'अश्लील' करार देते हुए कहा कि उनकी 'विकृत मानसिकता' से समाज को शर्मिंदा होना पड़ा। हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब कार्यक्रम 'इंडियाज गॉट लैटेंट'' में माता–पिता और यौन संबंध को लेकर टिप्पणी करने के लिए 'बीयरबाइसेप्स' के नाम से मशहूर इलाहाबादिया के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ''आप हमें बताइए कि क्या धरती पर कोई ऐसा व्यक्ति है जिसे इस तरह के शब्द पसंद हों। आप माता–पिता का अपमान कर रहे हैं... हम इस बारे में और कुछ नहीं कहना चाहते लेकिन उनके दिमाग में कुछ बहुत गंदा है जो इस तरह के कार्यक्रम में उगल दिया है। अदालत को ऐसे व्यक्ति की बात क्यों सुननी चाहिए? आप हमें बताइए।'' न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इलाहाबादिया का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिनव चंद्रचूड़ से कहा, ''आपने जो शब्द चुने हैं, उनसे माता–पिता शर्मिंदा होंगे, बेटियां–बहनें शर्मिंदा होंगी, आपका छोटा भाई शर्मिंदा होगा, पूरा समाज शर्मिंदा होगा।'' अंतरित राहत प्रदान करते हुए पीठ ने इलाहाबादिया और उनके सहयोगियों के अगले आदेश तक ऐसे किसी शो का प्रसारण करने से रोक दिया और कहा, ''अभी के लिए इस शो को रोक दीजिए।''

## नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ पर आरपीएफ की जांच रिपोर्ट 'गलत, भ्रामक': रेल मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्रालय ने मंगलवार को उन मीडिया खबरों को ''गलत और भ्रामक'' बताते हुए खारिज कर दिया, जिनमें रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की जांच का हवाला देते हुए बताया गया कि 15 फरवरी को नयी दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ की वजह ''ट्रेन का प्लेटफॉर्म आखिरी समय में बदलने की उदघ–ोषणा'' थी। मंत्रालय ने कहा कि आरपीएफ ने घटना की कोई जांच नहीं की है, बल्कि उत्तरी रेलवे द्वारा गठित एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा जांच की जा रही है। मंगलवार को एक बयान में मंत्रालय ने कहा कि कुछ मीडिया खबरों में दावा किया गया कि आरपीएफ ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की ''जांच'' की है और कहा कि ट्रेन का प्लेटफॉर्म आखिरी समय में बदलने की उदघोषणा के कारण भगदड़ हुई। मंत्रालय ने कहा कि ये खबर ''गलत और भ्रामक'' हैं। साथ ही उसने कहा कि जांच उत्तर रेलवे द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति द्वारा की जा रही है। इसने कहा, समिति द्वारा 100 से अधिक लोगों से बयान लिये जा रहे हैं। सभी बयान दर्ज करने के बाद समिति घटनाओं की कड़ियों को जोड़ने सवाल–जवाब सहित गहन जांच करेगी। उसने कहा, ''समिति द्वारा जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। मीडिया संस्थानों से उच्च स्तरीय समिति की अंतिम रिपोर्ट का इंतजार करने का आग्रह करते हुए मंत्रालय ने कहा, अगर कोई ऐसी जानकारी है जो उच्च स्तरीय समिति को उसकी जांच प्रक्रिया में मदद कर सकती है, तो कृपया इसे सीधे समिति के सदस्यों के साथ साझा करें।

## टेस्ला ने भारत में भर्ती शुरू की, इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में प्रवेश का संकेत दिया

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला ने भारत में विभिन्न पदों के लिए भर्तियां शुरू की हैं। इनमें व्यवसाय संचालन विश्लेषक और ग्राहक सहायता विशेषज्ञ शामिल हैं, जो कंपनी के देश में प्रवेश के लिए एक अग्रदूत हो सकता है। कंपनी की वेबसाइट पर भर्ती वाली नौकरी की अधिसूचना के अनुसार, ये पद 'मुंबई उपनगरीय' क्षेत्र के लिए हैं। इन भूमिकाओं में सेवा सलाहकार, 'पार्ट्स' सलाहकार, सेवा तकनीशियन, सेवा प्रबंधक, बिक्री एवं ग्राहक सहायता, स्टोर प्रबंधक, बिक्री एवं ग्राहक सहायता, व्यवसाय संचालन विश्लेषक, ग्राहक सहायता पर्यवेक्षक, ग्राहक सहायता विशेषज्ञ, वितरण संचालन विशेषज्ञ, ऑर्डर संचालन विशेषज्ञ, आंतरिक बिक्री सलाहकार और उपभोक्ता सहभागिता प्रबंधक शामिल हैं। कंपनी को ई–मेल कर पूछा गया कि भारत में बिक्री शुरू करने की संभावित समयसीमा क्या है। हालांकि, फिलहाल इस प्रश्न का उत्तर नहीं मिला।

### 3600 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड मामले में उच्चतम न्यायालय ने क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को जमानत दी

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने 3600 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड मामले में कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को मंगलवार को जमानत दे दी। इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि जेम्स पिछले छह वर्षों से हिरासत में है, जबकि मामले की जांच अभी भी जारी है। हालांकि, जेम्स जेल से बाहर नहीं आ सकता क्योंकि उस पर धन शोधन का मामला चल रहा है और उसकी जमानत याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित है। पीठ ने कहा, ''याचिकाकर्ता को 2018 में प्रत्यर्पित किया गया था और वह छह साल से अधिक समय से हिरासत में है। दो आरोपपत्र और एक पूरक आरोपपत्र दाखिल करने के बावजूद सीबीआई के अनुसार जांच अब भी जारी है। हम सुनवाई अदालत द्वारा निर्धारित शर्तों और नियमों पर जमानत देने के इच्छुक हैं। सीबीआई आवश्यक शर्तें लगाने के लिए सुनवाई अदालत से उचित अनुरोध करेगी।'' शीर्ष अदालत ने कहा कि जेम्स को निचली अदालत द्वारा तय शर्तों के अधीन जमानत पर रिहा किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री मोदी, कतर के अमीर ने आतंकवाद की निंदा की, इससे निपटने में सहयोग पर सहमति जताई



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हम्माद अल–सानी ने मंगलवार को सीमा पार आतंकवाद सहित सभी तरह के आतंकवाद की पुरजोर निंदा की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय तंत्र के माध्यम से इस खतरे से निपटने में सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं के बीच बैठक के कुछ घंटों बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में भारत और कतर ने ''अंतरराष्ट्रीय विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए वार्ता और कूटनीति के महत्व'' पर जोर दिया। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि 17 और 18 फरवरी को अमीर की दो दिवसीय भारत यात्रा ने ''भारत और कतर के बीच मित्रता और सहयोग के मजबूत संबंधों की पुष्टि की है। नेताओं ने आशा व्यक्त की कि यह साझेदारी बढ़ती रहेगी, जिससे दोनों देशों के लोगों को लाभ होगा और क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता में योगदान मिलेगा।'' वक्तव्य में कहा गया, ''दोनों नेताओं ने सीमापार आतंकवाद सहित सभी तरह के आतंकवाद की पुरजोर निंदा की और द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय तंत्रों के माध्यम से इस खतरे से निपटने में सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की।'' संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि नेताओं ने सूचना और खुफिया जानकारी साझा करने, अनुभवों, सर्वोत्तम तौर तरीकों और प्रौद्योगिकियों के विकास एवं आदान–प्रदान, क्षमता निर्माण में सहयोग बढ़ाने तथा ''कानून प्रवर्तन, धन शोधन निरोधक, मादक पदार्थों की तस्करी, साइबर अपराध और अन्य अंतरराष्ट्रीय अपराधों को रोकने में सहयोग को मजबूत करने'' पर भी सहमति व्यक्त की। उन्होंने आतंकवाद, कट्टरपंथ और सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने के लिए साइबरस्पेस के इस्तेमाल को रोकने सहित साइबर सुरक्षा में सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों और साधनों पर भी चर्चा की।

### भारत, कतर पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर 28 अरब डॉलर तक पहुंचाएंगे

भारत और कतर ने मंगलवार को अगले पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर 28 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई। दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने की घोषणा की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हम्माद अल–सानी के साथ वार्ता की। दोनों पक्षों ने दो समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए – एक रणनीतिक साझेदारी स्थापित करने पर और दूसरा संशोधित दोहरे कराधान बचाव समझौते पर। इसके अलावा आर्थिक सा–झेदारी को मजबूत करने, अभिलेखागार प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में संबंधों को आगे बढ़ाने और युवा मामलों तथा खेलों में सहयोग के लिए पांच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर भी किए गए। विदेश मंत्रालय के सचिव अरुण कुमार चटर्जी ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''रणनीतिक साझेदारी समझौता द्विपक्षीय संबंधों की वर्तमान स्थिति को रणनीतिक स्तर तक बढ़ाएगा। हम व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा के साथ ही क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग बढ़ाना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि मोदी और कतर के अमीर ने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 14 अरब डॉलर से दोगुना करके 28 अरब डॉलर करने का लक्ष्य भी तय किया है।



Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau and Certified Gemstones with buy-back facility.
INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION www.indiangem.com
9B, Wood Street: Ground Floor, Kolkata 700 016 M +91 89810 89018 South City Mall: Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 M +91 89810 89029 City Centre II, Rajarhat : Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 M +91 89810 89066 Howrah: JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) M +91 89810 89027 Vardaan Market: 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 M +91 89810 89003 Bagnan: Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 M +91 89810 89024 Durgapur: Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 M +91 89810 89017 Serampore: Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 M +91 89810 89014
Authorised Retailer: Forevermark, Platinum & MMTC Gold & Silver Bars Toll Free No. 1800 889 1704

## दिल्ली हादसे की जवाबदेही तय हो

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भयावह भगदड़ में जिन 18 लोगों की जान गई, उसे महज दुर्घटना नहीं कहा जा सकता। सही मायने में यह योजना, दूरदर्शिता और जवाबदेही की विफलता थी। जैसा कि पहले से पता था कि रोज हजारों तीर्थयात्री प्रयागराज महाकुंभ के लिये ट्रेनों में चढ़ने के लिये उमड़ रहे थे, अधिकारी उस भारी भीड़ का अनुमान लगाने और उसे प्रबंधित करने में विफल रहे। जिसके चलते यह दुखद हादसा घटित हुआ। पूर्व रेल मंत्री पवन बंसल समेत कई विपक्षी नेताओं ने रेल मंत्री की जवाबदेही तय करने की मांग है। उनका कहना है कि यात्रियों की अप्रत्याशित संख्या में वृद्धि को देखते हुए भीड़ नियंत्रण के लिये उपाय करने में सरकार विफल रही है, जो एक गंभीर चूक है। निस्संदेह, महाकुंभ पहली बार नहीं हो रहा है। रेलवे यातायात संचालन में इसके पैमाने और प्रभाव का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है। इसके बावजूद इस त्रासदी का सामने आना कई सवालों को जन्म देता है। सवाल मृतकों व घायलों को दिये जाने वाले मुआवजे को लेकर भी है। जबकि सामान्य दिनों में वर्ष 2023 की मुआवजा निर्देशिका में निर्धारित मुआवजा राशि में बड़ा अंतर है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार प्रणालीगत मुद्दों को ठीक करने के बजाय नकद भुगतान बढ़ाकर तंत्र की साख को हुई क्षति की पूर्ति का प्रयास कर रही है। यही वजह है कि विपक्षी दल रेलमंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। हादसे की सूचना की लीपापोती को लेकर भी सवाल उठे हैं। कहा जा रहा है कि ऐसे रेल हादसों के वक्त रेलमंत्री के रूप में नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए लाल बहादुर शास्त्री और नीतीश आदि ने अपने पद से त्यागपत्र दिए थे। दरअसल, इस्तीफे से परे रेलवे में प्रणालीगत सुधार की भी आवश्यकता है। भारतीय रेलवे को अपने भीड़ प्रबंधन प्रोटोकॉल में सुधार करने की जरूरत है। खासकर धार्मिक पर्वों और त्योहार की भीड़ के दौरान अतिरिक्त सावधानी की जरूरत महसूस की जाती है।

सही मायनों में दिल्ली समेत तमाम रेलवे स्टेशनों में तीर्थयात्रियों की अप्रत्याशित भीड़ को देखते हुए टिकटों के वितरण और नई ट्रेनों के संचालन को लेकर जिस संवेदनशील प्रशासन की जरूरत थी, वह नजर नहीं आया। ट्रेनों के आने के समय और उनके स्थगित होने पर कारगर वैकल्पिक व्यवस्था की जरूरत थी,वह नजर नहीं आई। दिल्ली हादसे के बारे में कहा जा रहा है कि एक नाम की दो ट्रेनों को लेकर मची भगदड़ हादसे की वजह बनी। एक अनुमान के अनुसार रेलवे प्रयागराज जाने वाले यत्रियों के लिए हर घंटे डेढ़ हजार सामान्य टिकट जारी कर रहा था। जिसके चलते प्लेटफॉर्मों पर तिल धरने की जगह नजर नहीं आ रही थी। निश्चित जगह में बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने तथा सीमित मात्रा में टिकट जारी करने की जरूरत थी। पैदल यात्रियों के लिये बने ओवरब्रिज पर लोग पहले ही बैठे थे और नई ट्रेन के आने की घोषणा से मची भगदड़ में कुछ लोग गिरे तो अन्य कई लोग गिरते गए, और दुखद हादसा हो गया। अनुमान लगाना चाहिए था कि सप्ताहांत में यात्रियों की संख्या बढ़ेगी, उसी हिसाब से चौकस सुरक्षा तथा ट्रेनों का संचालन व टिकट वितरण किया जाना चाहिए। हाल के दिनों में तीर्थ यात्रियों के रेल में असुरक्षित सफर करने के वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार आ रहे थे। यहां तक कि कंफर्म टिकट वाले यात्री भी ट्रेनों में जगह नहीं पा रहे थे। आरक्षित डिब्बों में घुसने के लिये टकराव तक देखा जा रहा था। रेलवे को सुनिश्चित करना चाहिए था कि सफर के लिये यात्री अपनी जान को जोखिम में न डालें। यात्रियों के स्तर पर भी जिम्मेदार व अनुशासित व्यवहार होना चाहिए था। तीर्थयात्रियों में जो संयम व धैर्य होना चाहिए, वह भी अव्यवस्था के चलते चूकता नजर आया है। सही मायनों में तीर्थयात्री यदि अपनी सुरक्षा के प्रति गंभीर रहें तो ऐसे हादसे टाले जा सकते हैं। दरअसल, भारत जैसे बड़ी आबादी वाले देश में भीड़ प्रबंधन के वैज्ञानिक तौर-तरीके अपनाये जाने की जरूरत है। मुट्ठीभर पुलिसकर्मियों के सहारे भीड़ नियंत्रण संभव नहीं है। बहरहाल, हादसे की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

# अवैध आप्रवासन मामले में अमेरिका का अनुकरण करे भारत


बलदेव राज भारतीय

अमृतसर का श्री गुरु रामदास एयरपोर्ट अमेरिका से डिपोर्ट होकर आने वाले उन भारतीयों की वह स्थली बन चुका है, जहां उनके टूटे सपनों की किरचें उनके हृदय के आर पार नश्तरों की भांति चुभ रही है और वे अपने देश की मिट्टी की सौंधी खुशबू का वह आनंद अनुभव नहीं कर पा रहे जो उन्हें उस समय होता जब वे अपने सपनों को पूरा कर अपने देश लौटते। डंकी रूट के जरिए अमेरिका जाकर पैसा कमाने का जो सपना उन्होंने देखा था, वह उनके परिवारों के लिए बहुत भारी पड़ गया। इस प्रकार से किसी अन्य देश में जाना अवैध आप्रवासन है, जिसे किसी भी तरह, किसी भी देश की सरकार उचित नहीं ठहरा सकती।

अवैध आप्रवासन एक गंभीर वैश्विक समस्या बन चुकी है। अमेरिका हो, यूरोप हो, या भारत-हर देश को अवैध आप्रवासियों की बढ़ती संख्या से जूझना पड़ रहा है। हाल ही में अमेरिका ने उन नवयुवकों को डिपोर्ट करना शुरू कर दिया है, जो अवैध रूप से वहां पहुंचे थे और अधिक धन कमाने के सपने देख रहे थे। यही स्थिति अन्य विकसित देशों की भी है, जहां लाखों लोग बेहतर जीवन की तलाश में गैरकानूनी तरीके से प्रवेश कर जाते हैं।

अवैध आप्रवासन केवल अमेरिका तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक अंतरराष्ट्रीय समस्या बन चुकी है। यह समस्या न केवल देश की सुरक्षा को खतरे में डालती है, बल्कि अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना को भी प्रभावित करती है। भारत भी इससे अछूता नहीं है, विशेष रूप से बांग्लादेश और म्यांमार से अवैध आप्रवासी बड़ी संख्या में भारत में प्रवेश कर चुके हैं। ऐसे में अब समय आ गया है कि भारत भी अमेरिका और अन्य विकसित देशों की तरह कठोर कदम उठाकर अवैध आप्रवासियों को उनके देश वापस भेजे और अपनी सीमाओं को और अधिक सुरक्षित बनाए।

अवैध आप्रवासन के पीछे कई सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारण होते हैं। विकासशील और गरीब देशों में रोजगार के सीमित अवसर होते हैं परन्तु मनुष्य की इच्छाएं, लालसाएं अनंत होती हैं। जिनकी पूर्ति के लिए उन्हें अधिक से अधिक धन कमाने के लिए उन देशों की ओर रुख करना पड़ता है, जिनमें रोजगार के बेहतर साधन उपलब्ध हों या जहां की मुद्रा उनके अपने देश की मुद्रा से अधिक मूल्य रखती हो। इसी कारण लोग अमेरिका, कनाडा, यूरोप, और खाड़ी देशों की ओर पलायन करते हैं। अधिक कमाई और बेहतर जीवन स्तर की चाहत उन्हें अवैध रूप से इन देशों में प्रवेश करने के लिए प्रेरित करती है।

कई देशों में आंतरिक संघर्ष, गृहयुद्ध, और राजनीतिक उत्पीड़न के कारण लोग पलायन करने के लिए मजबूर होते हैं। सीरिया, अफगानिस्तान, और म्यांमार इसके प्रमुख उदाहरण हैं, जहां से लाखों लोगों ने शरणार्थी के रूप में दूसरे देशों में शरण ली। कई देशों में आप्रवासन कानूनों में सख्ती न होने के कारण अवैध आप्रवासी आसानी से वहां घुस जाते हैं और नकली दस्तावेजों के सहारे स्थायी नागरिकता भी प्राप्त कर लेते हैं। कुछ देशों में सीमा सुरक्षा और आप्रवासन विभाग में भ्रष्टाचार होने के कारण तस्कर और दलाल अवैध आप्रवासन को बढ़ावा देते हैं। वे गरीब लोगों से मोटी रकम लेकर उन्हें चोरी-छिपे दूसरे देशों में भेज देते हैं।

तेजी से बढ़ती जनसंख्या के कारण कई देशों में रोजगार, भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी हो जाती है। ऐसे में लोग बेहतर भविष्य की तलाश में अवैध रूप से विकसित देशों में घुसने का प्रयास करते हैं।

अवैध आप्रवासन किसी भी देश के लिए हानिकारक होता है। इसके बहुत से नकारात्मक प्रभाव होते हैं। अवैध आप्रवासी देश की सामाजिक कल्याण योजनाओं का

### अवैध आप्रवासन वैश्विक संकट

लाभ उठाते हैं, जिससे सरकार पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ता है। वे रोजगार के सीमित अवसरों पर कब्जा कर लेते हैं, जिससे देश के स्थानीय नागरिकों को नुकसान होता है। कई मामलों में यह देखा गया है कि अवैध आप्रवासी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो जाते हैं, जैसे मानव तस्करी, नशीली दवाओं की तस्करी, चोरी, और हिंसक अपराध। इससे समाज में असुरक्षा की भावना बढ़ती है।

जब बड़ी संख्या में लोग किसी देश में अवैध रूप से प्रवेश कर जाते हैं, तो वहां की मूल संस्कृति और सामाजिक ताने-बाने पर प्रभाव पड़ता है। यह कभी-कभी सामाजिक संघर्ष और अशांति को जन्म देता है। अवैध आप्रवासन से आतंकवाद और अन्य सुरक्षा संबंधी खतरों की संभावना बढ़ जाती है। कई बार आतंकवादी संगठन अवैध आप्रवासियों के रूप में प्रवेश कर देश की सुरक्षा को खतरे में डाल सकते हैं।

अमेरिका अवैध आप्रवासन को रोकने के लिए सख्त कदम उठा रहा है। वहां की सरकार ने कठोर नीतियां लागू की हैं। अमेरिका और मैक्सिको की सीमा पर एक मजबूत दीवार बनाने का कार्य किया गया है, जिससे अवैध प्रवेश को रोका जा सके। अमेरिका ने वीजा नीतियों को सख्त किया है, जिससे फर्जी दस्तावेजों के सहारे आने वाले लोगों को रोका जा सके।

अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले लोगों को पहचान कर उन्हें उनके मूल देश वापस भेजा जा रहा है। अमेरिकी सरकार ने सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हजारों सैनिकों और आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया है। यूरोप और खाड़ी देश भी अवैध आप्रवासन को रोकने के लिए कड़े नियम लागू कर रहे हैं।

भारत में भी अवैध आप्रवासन एक गंभीर समस्या है, खासकर बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल और पाकिस्तान से आने वाले लोगों के कारण। असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, और उत्तर-पूर्वी राज्यों में लाखों अवैध आप्रवासी बस चुके हैं, जिससे कई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। भारत को भी इस समस्या से निपटने के लिए कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। भारत को अपनी सीमाओं पर निगरानी बढ़ानी चाहिए और आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन, निगरानी कैमरे, और बायोमेट्रिक स्कैनिंग का उपयोग करना चाहिए। भारत को राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (NRC) का सख्त कार्यान्वयन कर इसे पूरे देश में लागू करना चाहिए, जिससे अवैध रूप से रह रहे लोगों की पहचान हो सके। अवैध रूप से रह रहे लोगों को अमेरिका की भांति उनके मूल देश वापस भेजने के लिए प्रभावी नीतियां बनाई जानी चाहिए।

भारत में अवध रूप से रह रहे लोगों के फर्जी दस्तावेजों को बनाने पर रोक लगानी चाहिए। जो लोग उनके फर्जी दस्तावेज बनाने में सहायता करते हैं ऐसे लोगों की भी सभी सुविधाएं बंद कर देनी चाहिएं। ये अवैध आप्रवासी आसानी से राशन कार्ड, आधार कार्ड, और वोटर आईडी बनवा लेते हैं। सरकार को इस पर सख्त नियंत्रण रखना चाहिए। भारत को बांग्लादेश, म्यांमार, श्रीलंका और अन्य पड़ोसी देशों के साथ मिलकर आप्रवासन नियंत्रण पर कड़े समझौते करने चाहिए।

अवैध आप्रवासन न केवल अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर समस्या बन चुका है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, और सामाजिक स्थिरता को प्रभावित करता है। अमेरिका, यूरोप, और खाड़ी देशों ने इस पर सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं, और अब भारत को भी इस दिशा में ठोस कार्रवाई करनी होगी। सीमाओं की सुरक्षा बढ़ाना, अवैध आप्रवासियों की पहचान करना, और उन्हें उनके देश वापस भेजना ही इस समस्या का एकमात्र समाधान है। यदि समय रहते इस पर कार्रवाई नहीं की गई, तो यह देश की आंतरिक सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकता है।

-इतिहास प्रवक्ता एवं स्वतंत्र पत्रकार

# भागवत की हिन्दू एकता से ही विश्वगुरु बन सकेंगे


ललित गर्ग

हिंदू एकता ही हिंदू समाज, राष्ट्र एवं विश्व में शांति, सद्भाव और प्रगति को सुनिश्चित करती है। साथ ही, यह राष्ट्र की सुरक्षा और विकास के लिए भी ज़रूरी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को हिंदू समाज को एकजुट करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह देश का 'जिम्मेदार' समाज है जो मानता है कि एकता में ही विविधता समाहित है। भागवत का हिन्दू एकता पर जोर देना न केवल प्रासंगिक है बल्कि यह समय की जरूरत है। क्योंकि लम्बे समय से हिन्दू समाज को तोड़ने की कोशिशों, पडोसी देशों के हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षड़यंत्रों के कारण हिन्दू समाज को संगठित करना जरूरी हो गया है। इस दृष्टि से राष्ट्र-पुरोधा मोहन भागवत का आह्वान एक शक्ति देता है जिसकी रोशनी एक समूची परंपरा एवं संस्कृति को उद्भासित होने का अवसर मिल रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास में कुछ ऐसे विरल सरसंघचालक हुए हैं, संघ के सरसंचालकों की समृद्ध एवं शालीन परंपरा में वर्तमान का बहुचर्चित नाम है मोहन भागवत। उनकी विरलता या महत्ता के प्रमुख मानक हैं- सशक्त राष्ट्रीयता, हिन्दुत्व और लोकहितकारी प्रवृत्तियां। इन तीन सोपानों के आधार पर वे महत्ता के ऊंचे शिखर पर आरूढ़ हो गए। उन्होंने हिंदुत्व की नयी व्याख्याएं दी हैं और उनका ताजा उद्बोधन हिन्दू एकता की नई व्याख्या करते हुए न केवल देश को मजबूत बना रहा है बल्कि भारत को विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर कर रहा है। हिन्दू एकता से ही विश्वशान्ति, विश्वसमृध्दि, विश्वसमन्वय और विश्वएकता संभव। हिन्दू एकता का किसी से विरोध नहीं है। यह सर्वेषां अविरोधेन् है। हिन्दू के लिए सारा विश्व एक कुटुम्ब है। हिन्दू वसुधैव कुटुम्बकम् को मानता है।

भारत को यदि पड़ोसी शत्रुओं के हाथ में जाने से बचाना है, इस्लामी जेहादी आतंकवादियों से देश की रक्षा करनी है, इस गृहयुद्ध से देश बचाना है, भारत को अखण्ड और एकात्म रखना है तो इसके लिए हिन्दू एकता अत्यावश्यक है। हिन्दू एकता में न केवल देश का बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति का हित समाया हुआ है। यद्यपि भारत आज आजाद है; पर हिन्दू समाज आज भी आजाद नहीं है। हिन्दू की गुलामी को दूर करने के लिए हिन्दू एकता आवश्यक है, इसके लिये सभी हिन्दुओं को अपनी जाति, भाषा, प्रान्त, सम्प्रदाय व राजनीतिक दलों के भेदभाव को भूलकर हिन्दू के रूप में एक छत के नीचे आना आवश्यक है तभी हम अपने देश को एक रख पायेंगे और देश की आजादी की रक्षा कर पायेंगे। मोहन भागवत ने अपनी बात को अधिक स्पष्ट करते हुए कहा, भारत सिर्फ भूगोल नहीं है; भारत की एक प्रकृति है। कुछ लोग इन मूल्यों के अनुसार नहीं रह सके और उन्होंने एक अलग देश बना लिया। लेकिन जो लोग स्वाभाविक रूप से यहीं रह गए, उन्होंने भारत के इस सार को अपना लिया। और यह सार क्या है? यह हिंदू समाज है, जो दुनिया की विविधता को स्वीकार करके फलता-फूलता है। हम कहते हैं 'विविधता में एकता', लेकिन हिंदू समाज समझता है कि विविधता ही एकता है। भागवत ने जिस सत्य को उजागर किया है, वह हजारों साल पहले भी सत्य था और आज भी उतना ही सत्य है। बल्कि नई परिस्थितियों एवं राजनीतिक स्थितियों के साथ उसकी उपयोगिता और अधिक बढ़ी है। क्योंकि भारत से निकले सभी संप्रदायों का जो सामूहिक मूल्यबोध है, उसका नाम 'हिंदुत्व' है। इसलिए संघ हिंदू समाज को संगठित, अजेय और सामर्थ्य-संपन्न बनाना चाहता है। इस कार्य को संपूर्णता तक पहुंचाना ही संघ का उद्देश्य है।

भागवत ने कहा कि भारत में कोई भी सम्राटों और महाराजाओं को याद नहीं करता, बल्कि एक ऐसे राजा को याद करता है जो अपने पिता के वचन को पूरा करने के लिए 14 साल के वनवास पर चला गया-यह स्पष्ट रूप से भगवान श्रीराम का संदर्भ था, और वह व्यक्ति जिसने अपने भाई की पादुकाएं सिंहासन पर रखीं, और जिसने वापस आने पर राज्य सौंप दिया, यह था भरत का समर्पण। हिन्दू धर्म के भगवद गीता, रामायण, महाभारत, और वेद जैसे शास्त्रों एवं ग्रंथों से ऐसे ही नैतिक मूल्यों, मानवता और जीवन के उच्चतम आदर्शों का संदेश मिलता है, इसलिये हिन्दू समाज की एकता जरूरी है। हिन्दू एकता भारत की आत्मा को जाग्रत करेगी। भारत का स्वाभिमान, आध्यात्मिकता और ऋषियों का ज्ञान वापस आयेगा। परिणामस्वरूप देश से भ्रष्टाचार, हिंसा और अनैतिकता दूर होने के रास्ते खुलेंगे। भारत पुनः जगद्गुरु के रूप में विश्व का मार्गदर्शक बनेगा। हमारे शत्रु भी हमसे मित्रता करने के लिए हाथ बढ़ायेंगे। इन सब स्थितियों को देखते हुए हिन्दू एकता एवं उसको संगठित करना जरूरी है, इसके लिये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रयास एक रोशनी है, एक ताकत है।

संघ और हिंदुत्व को लेकर अक्सर उद्देश्यहीन, उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक आलोचनाएं होती रही हैं लेकिन इस तरह की नीति के द्वारा किसी का हित सधता हो, तो ऐसा प्रतीत नहीं होता तथा न ही उससे संघ पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। संघ की ऐसी आलोचना करने वाले समय, शक्ति और अर्थ का अपव्यय करते हैं तथा अपनी बुद्धि के दिवालियापन को उजागर करते हैं। संघ न केवल देश बल्कि दुनिया का बहुचर्चित एवं सबसे बड़ा गैर राजनीतिक संगठन है। जो बहुचर्चित होता है उसका विरोध भी होता है। निरूद्देश्य एवं स्तरहीन विरोध, विरोधी विचारधाराओं एवं संगठनों की स्वार्थपूर्ण मनोवृत्ति, ईर्ष्या एवं विध्वंस की नीति का स्वयंभू प्रमाण बन जाता है। संघ एवं मोहन भागवत की आलोचना करने वाले तथा उनके व्यक्तित्व पर कीचड़ उछालने वाले लोग एवं संगठन स्वयं को कमजोर अनुभव करते हुए भी समाज एवं राष्ट्र में प्रतिष्ठित होना चाहते हैं, वे ही ऐसी आलोचना करते हैं। उनकी आलोचनाएं एक जीवंत परंपरा को झुठलाने के असफल प्रयास ही रहे हैं।

हिन्दू एकता के अभाव में ही देश में जेहादी आतंकवाद, तीन करोड़ विदेशी बांग्लादेशियों की घुसपैठ, हिन्दुओं का धर्मान्तरण, गौहत्या, मठ-मंदिरों की सरकारी अधिग्रहण के माध्यम से लूट, हिन्दू संतों और देवताओं का अपमान, नारियों पर अत्याचार-बलात्कार, हिन्दुओं के साथ अंधाधुंध भेदभाव, अन्याय, अत्यन्त सहनशील हिन्दू समाज और महान् हिन्दू धर्म को नष्ट करने के षडयन्त्र बहुत तेजी से बढ़े। हिन्दू एकता से ये बुराइयां स्वयं नष्ट होने लगेंगी। इससे सबसे अधिक लाभ समाज की दौड़ में पिछड़े रह गए बन्धुओं को, गरीबों को और देश के बेरोजगार नवयुवकों को मिलेगा। हिन्दू विरोधी अपने को धर्मनिरपेक्ष घोषित करने वाले राजनेताओं ने भ्रष्टाचार के माध्यम से गरीब जनता के परिश्रम का लाखों करोड़ रुपया हड़पा है। अमेरिकी उद्योगपति जॉर्ज सोरोस जैसी ताकते भारत विरोधी विमर्श गढ़ने के लिये अकूत पैसा झोंक रहे हैं, वही हमारे देश के कुछ राजनीतिक दल उसके हाथों खेल रहे हैं। सिकंदर से लेकर सोरोस तक हुए ऐतिहासिक आक्रमणों एवं साजिशों पर बोलते हुए भागवत ने कहा कि कुछ मुट्ठीभर बर्बर लोगों ने, जो गुणों में श्रेष्ठ नहीं थे, भारत पर शासन किया, तथा समाज में विश्वासघात का चक्र जारी रहा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत का निर्माण अंग्रेजों ने नहीं किया था तथा भारत के विखंडित होने की धारणा अंग्रेजों ने लोगों के मन में डाली थी। लेकिन अब न केवल भारत बल्कि भारत का बहुसंख्य हिन्दू समाज इन साजिशों को नाकाम करने में सक्षम है।

भारत एक 'हिंदू राष्ट्र' है और हिंदुत्व देश की पहचान का सार है। संघ स्पष्ट रूप से देश की पहचान को हिंदू मानता है क्योंकि राष्ट्र की सभी सामाजिक-सांस्कृतिक प्रथाएं इसी के सिद्धांतों से चलती हैं। भागवत के अनुसार 'हिन्दुत्व' ऐसा शब्द है, जिसके अर्थ को धर्म से जोड़कर संकुचित किया है। संघ की भाषा में उस संकुचित अर्थ में उसका प्रयोग नहीं होता। यह शब्द अपने देश की पहचान, अध्यात्म आधारित उसकी परंपरा के सनातन सत्य तथा समस्त मूल्य सम्पदा के साथ अभिव्यक्ति देने वाला शब्द है। संघ मानता है कि 'हिंदुत्व' शब्द भारतवर्ष को अपना मानने वाले, उसकी संस्कृति के वैश्विक व सार्वकालिक मूल्यों को आचरण में उतारना चाहने वाले तथा यशस्वी रूप में ऐसा करके दिखाने वाली उसकी पूर्वज परम्परा का गौरव मन में रखने वाले सभी 150 करोड़ लोगों पर लागू होता है। मोहन भागवत ने फिर हिन्दू एकता का आह्वान किया है। आओ, फिर एक बार जागें, संकीर्णता एवं स्वार्थ की दीवारों को ध्वस्त करें।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## विदेश की खबरें

### हम शनिवार को छह इजराइली बंधक को रिहा करेंगे, बृहस्पतिवार को चार बंधकों के शव सौंपेंगे : हमास

**काहिरा :** हमास के एक शीर्ष नेता ने कहा है कि चरमपंथी संगठन शनिवार को छह जीवित इजराइली बंधकों को रिहा करेगा और बृहस्पतिवार को चार बंधकों के शव सौंपेगा। हमास ने इजराइल के गाजा पट्टी में 'मोबाइल आवास' और निर्माण उपकरण भेजने की अनुमति देने के बाद रिहा किए जाने वाले बंधकों की संख्या आश्चर्यजनक ढंग से बढ़ा दी है। शनिवार को रिहा होने वाले छह लोग गाजा में युद्ध-विराम के पहले चरण के तहत छोड़े जाने वाले अंतिम जीवित बंधक होंगे। युद्धरत पक्षों को अभी दूसरे और अधिक कठिन चरण के लिए बातचीत करनी है। हमास का कहना है कि अगले दौर की बातचीत के बाद स्थायी शांति और इजराइल के लौट जाने की स्थिति में वह दर्जनों और बंधकों को रिहा करेगा। हमास नेता खलील अल-हय्या ने मंगलवार को पहले से रिकॉर्ड बयान में कहा कि बृहस्पतिवार को सौंपे जाने वाले चार शवों में 'बिबास परिवार' के सदस्यों के शव भी शामिल होंगे।

### पाकिस्तान : अशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में आतंकी हमले में पाकिस्तान के चार सैनिक मारे गए

**पाराचिनार (पाकिस्तान) :** अशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में पाकिस्तानी सेना की राहत सामग्री ले जा रहे ट्रकों पर पहले हुए हमले का जवाब दे रहे सुरक्षा बलों पर रात में घात लगाकर आतंकवादियों ने हमला कर दिया और इस बीच हुई गोलीबारी में चार सैनिक मारे गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह हमला अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में राहत सामग्री ले जा रहे ट्रकों के काफिले पर सोमवार को हुए हमले के जवाब में अधिकारियों द्वारा अतिरिक्त बल भेजे जाने के कुछ ही घंटों बाद हुआ। ट्रकों पर किए गए हमले में एक चालक और सुरक्षा अधिकारी की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि कुर्रम में रात भर हुए हमले में कुछ सुरक्षा कर्मी भी घायल हुए हैं। यहां हाल के महीनों में शिया और सुन्नी कबीलों के बीच झड़पों में कम से कम 130 लोग मारे गए हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 19 फरवरी, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन कृष्णपक्ष षष्ठी, 07:32 तक, नक्षत्र : स्वाति, 10:32 तक, योग : वृद्धि, 10:43 तक, सूर्योदय: 6:06, सूर्यास्त: 17:35, चन्द्रोदय : 23:23, चन्द्रास्त: 09:45, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 11:50 से 13:15

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन सम्मान और गौरव दिलाने वाला है। आपके अच्छे कामों से आपके और आपके परिवार का नाम रोशन होगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी आपके काम आएगी।

**वृष :** वृष राशि वालों के लिए दिन खुशियों भरा रहेगा। आपको अपनी संतान की अच्छी आदतों और उनकी सफलता पर गर्व होगा। नौकर-चाकर और सांसारिक सुखों में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए दिन थोड़ा मुश्किल भरा हो सकता है। अगर कोई मुकदमा या पूछताछ चल रही है, तो आज का समय आपके पक्ष में नहीं है। रात का समय मौज-मस्ती में बिताएंगे।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए दिन तरक्की दिलाने वाला है। अगर आपकी पदोन्नति रुकी हुई है, तो हो सकती है। आपकी निर्णय लेने की क्षमता आपको फायदा पहुंचाएगी।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लिए दिन बदलाव लेकर आएगा। अगर आप व्यापारी हैं, तो आपके व्यापार में कुछ नए बदलाव होंगे। जरूरत से ज्यादा पैसा मिलने से आपके अंदर घमंड आ सकता है।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए दिन जिम्मेदारियों भरा रहेगा। आपके अधिकार बढ़ने के साथ-साथ आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ेंगी। अपनी शान-शौकत पर आप ज्यादा खर्च कर सकते हैं।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए दिन सावधानी बरतने का है। आज बहुत सोच-समझकर काम करने के बाद भी नुकसान होने की आशंका है। अचानक कोई सरकारी दंड भी मिल सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों के लिए दिन लाभदायक रहेगा। किसी कीमती चीज से आपको फायदा हो सकता है। अगर आप नौकरी करते हैं, तो आपका पद और अधिकार बढ़ सकता है।

**धनु :** धनु राशि वालों के लिए दिन धार्मिक रहेगा। आपका मन गुरु के प्रति श्रद्धा और भक्ति से भरा रहेगा। इस समय आपको आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति होगी। रुका हुआ पैसा आपको मिल सकता है।

**मकर :** मकर राशि वालों के लिए दिन ऊर्जावान रहेगा। आपके अंदर शारीरिक शक्ति और उत्साह बना रहेगा, लेकिन कुछ ऐसे खर्चे सामने आएंगे, जो आपको मजबूरी में करने पड़ेंगे।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों के लिए दिन धैर्य रखने का है। आपको विशेष रूप से धैर्य रखना होगा क्योंकि जल्दबाजी में किए गए काम से नुकसान हो सकता है।

**मीन :** मीन राशि वालों के लिए दिन स्वास्थ्य के लिहाज से थोड़ा मुश्किल हो सकता है। आपको स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। आपके साहस और पराक्रम से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

## वर्ग पहेली नं. 3009

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 | |
| ■ | | ■ | 6 | | ■ | | ■ | | ■ |
| 7 | | 8 | | ■ | 9 | | 10 | | 11 |
| | ■ | 12 | | 13 | | ■ | | ■ | |
| 14 | 15 | | ■ | | ■ | 16 | | 17 | |
| ■ | | ■ | 18 | | 198 | | ■ | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | 22 | | ■ | 23 | | 24 |
| | ■ | 25 | 26 | ■ | 27 | | | ■ | |
| 28 | | ■ | 29 | | | ■ | ■ | 30 | |

**बायें से दायें:-** 1) हेराफेरी; धनापहरण, 3) अनिंदनीय; अपराधमुक्त, निर्दोष, 5) लक्ष्मीवाहन, 6) उपयोगशुल्क, 7) नाव चलाने का बल्ला, 9) निस्पृह; अनिच्छ, 12) एक नदी, 14) अनुपात; मिलान; उपमा, 16) उपदेश, 18) तत्काल; शीघ्र, 20) आर्थिक तंगी; दिवाला, 22) गंदे जल के बहने का मार्ग, 23) छड़ी, 25) बंद *(दरवाजा)*; संलग्न; सटा, 27) पर्याप्त, 28) आमदनी, 29) विश्वास, 30) कुछ; अपर्याप्त.

**ऊपर से नीचे:-** 2) अत्यधिक, 3) नौकासमूह, 4) विष, 5) कार्योन्मादी; जोशीला, 6) एक देश, 7) लेकिन, 8) आसक्ति, 9) लज्जा, 10) चार गुर्दे वाला; शेरदिल, 11) झुका, 13) परिवेष्टित करना, 15) अतत्पर; टालू; सुस्त, 16) अभिनेता, 17) नाई, 19) भागना, 20) एक जलचर, 21) खीला, 23) परिश्रम, 24) धज्जी, 26) एक पालतू दुधारु पशु.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

**पिछली पहेली का उत्तर**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चा | चु | र्य | ■ | खा | ■ | सो | च | ■ | झू |
| ■ | रा | ■ | कु | ल | फ़ा | ■ | म | स | ला |
| ब | ना | व | टी | ■ | ल | प | क | ना | ■ |
| तं | ■ | ज़ | ■ | बा | तू | नी | ■ | त | थ्य |
| ग | ढ़ | न | ■ | ई | ■ | र | ज | नी | ■ |
| ड़ | ■ | दा | ■ | स | भी | ■ | ल्ला | ■ | गि |
| ■ | औ | र | त | ■ | म | द | द | गा | र |
| ■ | का | ■ | य | दि | ■ | र्शा | ■ | ■ | गि |
| ख़ | त | रा | ■ | ली | ल | ना | ■ | गु | ट |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2969

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | 6 | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | | 9 | | | | |
| | 9 | 1 | 3 | | | | | |
| | | | | | | | 7 | 2 |
| | 3 | | | | | | | 8 |
| 6 | | | | 5 | 7 | | | |
| | | | | | 2 | 4 | | |
| | | | | | | 1 | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2968 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 2 | 9 | 4 | 7 | 5 | 1 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 | 7 | 9 | 8 |
| 3 | 9 | 7 | 5 | 8 | 1 | 6 | 2 | 4 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 1 | 6 | 2 | 3 | 9 |
| 2 | 3 | 9 | 8 | 7 | 5 | 4 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 9 | 8 | 7 | 5 |
| 6 | 8 | 3 | 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 |
| 5 | 2 | 1 | 7 | 9 | 4 | 3 | 8 | 6 |
| 9 | 7 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 | 5 | 2 |

### ममता का बांग्लादेशी आतंकवादियों के साथ संबंधों से इनकार, कहा...

# ‘भाजपा साबित कर दे तो मैं इस्तीफा दे दूंगी’



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बांग्लादेश के आतंकवादियों और कट्टरपंथियों से संबंध होने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों के आरोपों को सोमवार को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा विधायक इन आरोपों को साबित कर दें, तो वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगी।

राज्य विधानसभा को संबोधित करते हुए ममता ने अपने खिलाफ ‘बेबुनियाद टिप्पणियां’ करने के लिए भाजपा विधायकों की आलोचना की और कहा कि वह इस तरह के दावों की शिकायत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखेंगी।

टीएमसी सुप्रीमो ने कहा, भाजपा नेता और विधायक बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं कि मेरे कश्मीर में आतंकवादियों और बांग्लादेश के आतंकवादियों व कट्टरपंथियों से संबंध हैं। अगर भाजपा साबित कर दे कि मेरे आतंकवादियों और कट्टरपंथियों से संबंध हैं, तो मैं इस्तीफा दे दूंगी।

ममता ने कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर शिकायत करेंगी कि उनकी पार्टी के विधायक सबूत न होने के बावजूद उन पर बांग्लादेशी कट्टरपंथियों से संबंध होने का आरोप लगा रहे हैं।

उन्होंने कहा, आतंकवाद के झूठे आरोप लगने से मर जाना बेहतर है।

ममता ने कहा, अभिव्यक्ति की आजादी उन्हें (भाजपा विधायकों को) नफरत फैलाने वाले भाषण देने और लोगों को बांटने की अनुमति नहीं देती है। अभिव्यक्ति की आजादी का मतलब नफरत फैलाने वाली बातें नहीं है। आप (भाजपा विधायक) राजनीतिक लाभ के लिए धर्म का सहारा लेते हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं करते।

तृणमूल प्रमुख ने कहा कि वह धर्मनिरपेक्षता और सभी समुदायों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व में विश्वास करती हैं। उन्होंने भाजपा पर राजनीतिक लाभ के लिए धर्म का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री ने बांग्लादेश में जारी तनाव का जिक्र करते हुए कहा कि पड़ोसी देश में अशांति के बीच उनकी सरकार के प्रयासों से ही पश्चिम बंगाल में शांति एवं सद्भाव सुनिश्चित हुआ है।

ममता ने उन पर मुस्लिम लीग से जुड़े होने का आरोप लगाने वाली टिप्पणियों की निंदा की।

उन्होंने भाजपा नेताओं पर विभाजनकारी बयान देने और गलत सूचना फैलाने का आरोप भी लगाया।

ममता ने कहा कि उन्होंने सोमवार को एक वीडियो क्लिप देखी, जिसमें एक नेता ने अपने भाषण के दौरान ‘बार-बार’ उनके (ममता के) पिता पर निशाना साधते हुए पूछा, क्या यह ममता बनर्जी के पिता की संपत्ति है?

हालांकि, मुख्यमंत्री ने उस नेता की पहचान जाहिर नहीं की।

उन्होंने कहा, मैं ऐसी टिप्पणी नहीं करना चाहती। लेकिन मैं स्पष्ट कर देना चाहती हूं। हां, मेरे पिता के पास संपत्ति थी, लेकिन मैंने उसमें से कुछ भी नहीं लिया है।

ममता ने धर्मनिरपेक्षता, सभी समुदायों के विकास और राज्य में शांति बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए अपना भाषण समाप्त किया।

उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, धर्म एक निजी मामला है। यह कोई वस्तु नहीं है, जिसका व्यापार किया जाए। आप धर्म बेचते हैं, हम नहीं बेचते।

भाजपा के इस दावे पर कि विधानसभा में पार्टी के सदस्यों को चुप कराया जा रहा है, ममता ने जवाब दिया, भाजपा विधायक मेरा सामना करने से डरते हैं, यही कारण है कि जब भी मैं बोलती हूं, वे सदन से बहिर्गमन कर जाते हैं।

## सरस्वती पूजा विवाद पर ममता ने विधानसभा में विपक्ष के आरोपों को खारिज किया

- **ममता का दावा- राज्य में तीन-चार करोड़ जगहों पर हुई सरस्वती पूजा**
- **ममता ने जोगेश चंद्र कालेज में हुई सरस्वती पूजा की विधानसभा में दिखाई तस्वीरें**

**कोलकाता :** बंगाल में हाल में सरस्वती पूजा आयोजित करने को लेकर कोलकाता सहित कुछ स्थानों पर बाधा देने के विपक्षी भाजपा के आरोपों को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को खारिज करते हुए विधानसभा में इसपर जवाब देते हुए घेरा। विपक्ष ने आरोप लगाया था कि दक्षिण कोलकाता के जिस जोगेश चंद्र कालेज में मुख्यमंत्री ने कानून की पढ़ाई की थी, वहां भी सरस्वती पूजा के आयोजन में बाधा दी गई थी। ममता ने दावा किया कि बंगाल में सभी जगहों पर धूमधाम से सरस्वती पूजा हुई। सभी स्कूलों-कालेजों, मोहल्ले सहित क्लबों में पूजा आयोजित की गई। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में तीन-चार करोड़ जगहों पर सरस्वती पूजा हुई है। उन्होंने कहा कि एक-दो घटना को सामने रख कर भाजपा के नेताओं ने बंगाल को कलंकित किया है। अपने राजनीतिक हित के लिए भाजपा के नेताओं पर उन्होंने हिंदू धर्म को बदनाम करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने जोगेश चंद्र कालेज का नाम लेकर दावा किया कि वहां भी सरस्वती पूजा हुई। ममता ने दावा किया कि जोगेश चंद्र की दोनों शाखाओं- डिग्री व ला कालेज में पूजा हुई। ममता ने कहा कि वहां पूजा करने के स्थान को लेकर विवाद था। पर बाद में हाई कोर्ट के निर्देश पर पूजा हुई। उन्होंने जोगेश चंद्र चौधरी डिग्री कालेज और जोगेश चंद्र ला कालेज में हुई सरस्वती पूजा की दो तस्वीरें भी सदन में दिखाते हुए इसे सबूत के तौर पर विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी के पास जमा कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं कभी किसी के धर्म के बारे में बात नहीं करतीं। जो लोग हिंदू धर्म की बात कर रहे हैं, कृपया जान लें कि मैं भी एक ब्राह्मण परिवार की बेटी हूं। मेरे पिता स्वतंत्रता सेनानी थे। मुझे हिंदू होने पर गर्व है।

## अमेरिका से अवैध प्रवासियों को बेड़ियों में बांधकर भेजना ‘शर्मनाक’ : ममता

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अमेरिका से अवैध भारतीय प्रवासियों को बेड़ियों में बांधकर वापस भेजे जाने को ‘शर्मनाक’ बताया और गरिमापूर्ण तरीके से उनकी वापसी सुनिश्चित नहीं करने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की। ममता ने उन ‘अमानवीय परिस्थितियों’ पर चिंता व्यक्त की जिनके तहत निर्वासित लोगों को भारत वापस भेजा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के व्यवहार से बचा जा सकता था। उन्होंने मंगलवार को कहा, ‘निर्वासित लोगों को बेड़ियों में बांधकर वापस भेजना शर्मनाक है। यह बहुत चिंता का विषय है।’ मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार को निर्वासित लोगों को ऐसे हाल में छोड़ने के बजाय उन्हें लाने के लिए अपने विमानों की व्यवस्था करनी चाहिए थी। मुख्यमंत्री ने कहा, ‘माननीय प्रधानमंत्री जी, क्या आपने इसकी जिम्मेदारी ली? जब आप अमेरिका में थे (आधिकारिक यात्रा पर), तो वहां से अवैध प्रवासियों को बेड़ियों में बांधकर वापस भेजा गया। आप कम से कम यह तो कह सकते थे कि ‘ये हमारे नागरिक हैं और हम इन्हें वापस ले जाएंगे।’ लेकिन ऐसा कोई कदम नहीं उठाया गया।’ राष्ट्रीय सुरक्षा या विदेश नीति के मुद्दों पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर सकती थी कि पश्चिम बंगाल के नागरिकों के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा, ‘अगर हमारे लोग तैनात होते, तो हम उन्हें वापस लाने की जिम्मेदारी ले सकते थे।’ मुख्यमंत्री का यह बयान उन खबरों की पृष्ठभूमि में आया है, जिनमें कहा गया कि पश्चिम बंगाल के लोगों सहित कई अवैध प्रवासियों को अमेरिका से भेजने के समय कठोर बर्ताव किया गया।

# शुभेंदु के खिलाफ तृणमूल ने पेश किया विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव

### अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने कहा- शुभेंदु को सदन से माफी मांगनी चाहिए

**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा में बजट सत्र के पांचवें दिन मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दूसरे व अंतिम दिन सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया। तृणमूल की ओर से संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेब चट्टोपाध्याय ने इस प्रस्ताव को सदन के समक्ष रखा। संसदीय कार्य मंत्री ने शुभेंदु पर विधानसभा में भड़काऊ टिप्पणी व अमर्यादित आचरण करने और मीडिया में गलत बयान देने का आरोप लगाया ।

तृणमूल विधायकों ने प्रस्ताव का समर्थन किया। सदन में अमर्यादित आचरण करने के आरोप में एक दिन पहले शुभेंदु सहित चार भाजपा विधायकों को पूरे बजट सत्र से निलंबित कर दिया गया था।वहीं, तृणमूल द्वारा लाए गए विशेषाधिकार हनन के प्रस्ताव पर अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने शुभेंदु को चेताते हुए कहा कि विधानसभा कमजोर नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं उनके बयान से बहुत दुखी हूं। शुभेंदु को पूरे सदन से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारे विपक्षी सदस्यों को पता होना चाहिए कि यह विधानसभा सबकी है। यदि आप आलोचना करना चाहते हैं, तो यहां आएं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि राज्य के लोग किसी के उकसाने पर भ्रमित नहीं होंगे और वे शांत रहेंगे।

शुभेंदु के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव (नोटिस को) संबंधित समिति को भेज दिया गया है। हालांकि, शुभेंदु ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उन्हें हिंदुओं के पक्ष में बोलने के कारण निलंबित किया गया।

**NAME & D.O.B CHANGE**

I, Subhash Sarkar father of Sourav Sarkar, Army No. 15828252W, Rank-L/NK, Residing at Vill- Teghoria Suryanagar, PO- Jugberia PS.- Ghola, Kalkata- 700110, North 24 Parganas, W.B. I have Changed my Date of Birth from 01.01.1970 to 17.09.1970 also I changed my name from Subhas Sarkar to Subhash Sarkar by Vide affidavit before the Notary at Barrackpore Court on 11/02/2025.

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-आरडी-डब्ल्यूडीएनजी-डीआरएनजी-24-25, दिनांक 17.02.2025;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** अनुसूची-ए : सीनि. डीईएन/2/हावड़ा के क्षेत्राधिकार में गुड़ाप में एलसी सं. 12, 21, 40, 44 एवं शक्तिगढ़ में 53, 56, 68, 44 एवं कॉर्ड लाइन में 50 एवं 59 में सड़क का चौड़ीकरण। अनुसूची-बी: एईएन/डानकुनी एवं एईएन/बर्द्धमान के अधीन आईओडब्ल्यू/डानकुनी एवं आईओडब्ल्यू/बर्द्धमान अनुभाग में जल आपूर्ति, निकासी नाली एवं हाइट गेज का सुधार। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,21,68,255.54; **बयाना राशि:** रु. 2,10,900; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0.00; **बोली शुरू होने की तारीख:** 26.02.2025; **समापन अवधि:** 12 महीने। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 12.03.2025 को अपराह्न 03.00 बजे। **निविदा अपलोडिंग की तारीख एवं समय:** 17.02.2025 को दोपहर 12.50 बजे।

(HWH-611/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं. 330_2024-25, दिनांक 17.02.2025;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा **(सीनि. डीईएन/1/हावड़ा** के क्षेत्राधिकार के लिए) नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का विवरण:** एडीईएन/बैण्डेल के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बैण्डेल अनुभाग में आदिसप्तग्राम, तालाण्डु, खान्यान, सिमलागढ़, बैंचीग्राम, देबीपुर, बागिला, निमो, रसूलपुर, हुगली घाट एवं गरीफा में ऑटोमेटिक क्लोरिनेशन प्लांट की स्थापना एवं बैण्डेल (4 अदद), मगरा, पाण्डुआ, बैंची, मेमारी एवं ऊपर उल्लेखित स्टेशनों में सोडियम हाइपोक्लोराइड सोलूशन की नियमित डोसिंग (4 वर्षों के लिए)। **अनुमानित लागत:** रु. 74,96,762.94; **बयाना राशि:** रु. 1,49,900; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि:** अड़तालीस (48) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 10.03.2025 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। **ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान:** ई-निविदा के संबंध में बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के जरिए स्वीकार किया जाएगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-610/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/641, दिनांक 17.02.2025;** मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए निम्नलिखित खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3314; कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के तहत हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर (एचबीडी) (09 स्थानों पर) की स्थापना के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 12,42,362; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 24,900; **समापन अवधि:** 120 दिन। **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3315; कार्य का नाम:** (1) डीईएन/4/हावड़ा अनुभाग में अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत आरपीएच जंक्शन में स्टेशन के अग्रभाग (फसाड) एवं पोर्च के विकास, बीएचपी में मौजूदा प्रतीक्षालय एवं शौचालय ब्लॉक के उन्नयन, पीएफ-1 पर पुनर्स्थापित बुकिंग कार्यालय भवन कार्य सम्पन्न करने के साथ अन्य आनुषंगिक कार्यों तथा फर्निचर के प्रावधान के लिए विद्युतीय (सामान्य) कार्य। (2) डीईएन/4/हावड़ा अनुभाग में अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत एसएनटी में स्टेशन के अग्रभाग (फसाड) एवं पोर्च के पुनर्विकास, बुकिंग कार्यालय, शौचालय एवं प्रतीक्षालय के भीतरी भाग के विकास, दिव्यांगजन सुविधा के प्रावधान के साथ अन्य आनुषंगिक कार्यों के लिए विद्युतीय सामान्य कार्य। (3) एबीएसएस के अधीन बर्द्धमान में प्रस्तावित द्वितीय प्रवेश द्वार एसबी (जीएफ) कार्य को सम्पन्न करने, अग्रभाग (फसाड) एवं पोर्च के विकास, बुकिंग कार्यालय, प्रतीक्षालय के भीतरी भाग के विकास कार्य के लिए विद्युतीय सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,57,06,967; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 2,28,500; **समापन अवधि:** 180 दिन। **क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3411; कार्य का नाम:** हावड़ा ओल्ड स्टेशन कॉमप्लेक्स एवं हावड़ा न्यू स्टेशन कॉमप्लेक्स में ऑफिसर्स रेस्ट हाउस (ओआरएच) के लिए 02 अदद यात्री लिफ्टों का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य:** रु. 52,12,141; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 1,04,300; **समापन अवधि:** 180 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 10.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है।

(HWH-612/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# शुभेंदु अधिकारी ने बंगाल सरकार पर घुसपैठ को बढ़ावा देकर जनसांख्यिकी बदलने का आरोप लगाया



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह बांग्लादेश से सीमा पार घुसपैठ को बढ़ावा देकर राज्य की जनसांख्यिकी बदल रही है।

अधिकारी ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महाकुंभ जैसे पवित्र आयोजन को ‘मृत्यु कुंभ’ बताकर करोड़ों हिंदुओं का अपमान किया है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी को मौजूदा बजट सत्र के दौरान सदन से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने सदन के बाहर विधानसभा परिसर में भाषण दिया।

उन्होंने कहा, ‘आपकी सरकार सीमा पार (बांग्लादेश के साथ लगी सीमा) से घुसपैठ को बढ़ावा देकर राज्य की जनसांख्यिकी बदल रही है। पड़ोसी देश के आतंकवादी पश्चिम बंगाल में अपने अड्डे बना रहे हैं।’

शुभेंदु अधिकारी ने कहा, ‘जब असम एसटीएफ ने उन्हें पकड़ा, तो आप (बनर्जी) सो रही थीं। आपके मंत्री कहते हैं कि कोलकाता के कुछ हिस्से पड़ोसी देश जैसे दिखते हैं। वह एक विशेष समुदाय की जनसंख्या में वृद्धि के बारे में बात करते हैं, फिर भी आप कोई कार्रवाई नहीं करती हैं। क्या आप खुश होंगी यदि राज्य की जनसांख्यिकी बदल जाए? लेकिन हम आपको ऐसा कभी नहीं करने देंगे...हम आपको हिंदुओं की ताकत दिखाएंगे।’

अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सदियों से सभी शैक्षणिक संस्थानों में सरस्वती पूजा धार्मिक उत्साह के साथ मनाई जाती रही है, लेकिन ‘टीएमसी शासन के दौरान, साबिर मंडल नाम के किसी व्यक्ति ने एक कॉलेज में पूजा न करने का फतवा जारी किया, जहां मुख्यमंत्री ने पढ़ाई करने का दावा किया है।’

भाजपा नेता ने आरोप लगाया, ‘उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह उनके (बनर्जी) तुष्टीकरण का असली चेहरा दिखाता है।’

शुभेंदु अधिकारी ने इस बात पर हैरानी जताई कि मुख्यमंत्री ने भाजपा विधायकों पर विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंदोपाध्याय के साथ ‘दुर्व्यवहार’ करने का आरोप लगाया है। अधिकारी ने आरोप लगाया कि ‘सदन की सदस्य नहीं होने के बावजूद बनर्जी ने नवंबर 2006 में सदन के अंदर तोड़फोड़ की घटना में अपनी पार्टी के विधायकों का नेतृत्व करके विधानसभा की गरिमा गिराई थी।’

सोमवार को सदन में कथित तौर पर अमर्यादित आचरण करने के कारण अधिकारी और तीन अन्य भाजपा विधायकों को बजट सत्र से निलंबित कर दिया गया था। सदन में हंगामा करने के लिए अधिकारी के अलावा भाजपा विधायक अग्निमित्रा पाल, बंकिम घोष और विश्वनाथ कारक को सदन से 30 दिन या बजट सत्र के अंत तक के लिए निलंबित कर दिया गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा विधायकों को इसलिए निलंबित किया गया क्योंकि सरकार नहीं चाहती कि आरजी कर घटना, ‘राज्य में परियोजनाओं में केंद्रीय धन की हेराफेरी’, सत्तारूढ़ पार्टी के पार्षदों पर ‘अपनी ही पार्टी के लोगों द्वारा’ हमले तथा राज्य और केंद्रीय कर्मचारियों को दिए जाने वाले महंगाई भत्ते में असमानता जैसे मुद्दे उजागर हों।

अधिकारी ने कहा कि विधानसभा में जब ‘अपराजिता विधेयक’ पेश किया था, तब भाजपा ने इसका समर्थन किया था, लेकिन तृणमूल कांग्रेस राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं ले सकी, क्योंकि महिला सुरक्षा पर पश्चिम बंगाल सरकार का रिकॉर्ड दिल्ली में बैठे लोगों में विश्वास पैदा नहीं करता।

बनर्जी पर विपक्ष को कोई स्थान नहीं देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सभी समितियों में अपने चुने हुए लोगों को नियुक्त करती हैं।

उन्होंने पिछड़ी जातियों और जनजातियों सहित हिंदू समाज के सभी वर्गों के बीच एकता का आह्वान किया और आरोप लगाया कि टीएमसी ने हमेशा हिंदुओं के हितों के साथ विश्वासघात किया है।

भाजपा नेता ने कहा, ‘हम हिंदुओं के हितों की रक्षा करेंगे। हम टाटा को पश्चिम बंगाल में वापस लाएंगे। हम महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए ठोस कदम उठाएंगे। हम पश्चिम बंगाल को जिहादियों से बचाएंगे।’

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा विद्युत (सामान्य शाखा)**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता हैं। **निविदा सूचना क्र:** जबल/एल/टी नं. 58/2024 दिनांक 14.02.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** जबलपुर ड़िवीजन में 05 विभिन्न कार्यों के लिए सबस्टेशन, एबी केबल, भूमिगत केबल की स्थापना, नवीनीकरण, स्थानांतरण, प्रतिस्थापन और संशोधन (i) 33/11 केवी एचवाईटी सबस्टेशन में स्टैंड बाय ट्रांसफार्मर का प्रावधान। (ii) जबलपुर ड़िवीजन के रेलवे कॉलोनी में खंभों पर वितरण बॉक्स के साथ एबी केबल द्वारा एलटी ओवरहेड कंडक्टर का प्रतिस्थापन (iii) बिजली आपूर्ति केबलों के उन्नयन सहित 11 केवी/750 वी पिट लाइन सबस्टेशन के काम के लिए एचटी/एलटी बिजली आपूर्ति केबल का स्थानांतरण। (iv) केबल/पंप कार्य सहित बिजली आपूर्ति परिसंपत्तियों का प्रतिस्थापन। (v) सब स्टेशन क्रमांक 1 जबलपुर का संशोधन/उन्नयन, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में):** Rs. 7,31,80,365.49, **निविदा फार्म की कीमत (रूपये में):** 0.00/-, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है:** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर, **बयाना राशि रूपये:** Rs. 5,15,900/-, **समापन अवधि (माह/वर्ष):** 12 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक) :** 14.02.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक) :** 10.03.2025। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट से डाउन लोड की जा सकती है।

**वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

कुछ परिचालन कारणों से निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी: **(क) रद्द ट्रेनें:** • **12311 हावड़ा-कालका नेताजी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 19.02.25, 20.02.25 एवं 21.02.25) और **12312 कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 19.02.25, 20.02.25 एवं 21.02.25) • **12367 भागलपुर-आनंद विहार टर्मिनल विक्रमशिला एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 19.02.25, 20.02.25 एवं 21.02.25) और **12368 आनंद विहार टर्मिनल-भागलपुर विक्रमशिला एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 19.02.25, 20.02.25 एवं 21.02.25) • **22308 बीकानेर-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 19.02.25) और **22307 हावड़ा-बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 21.02.25) • **12308 जोधपुर- हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 20.02.25 एवं 21.02.25) और **12307 हावड़ा-जोधपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 22.02.25 एवं 23.02.25) • **12175 हावड़ा-ग्वालियर चंबल एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 19.02.25) • **20976 आगरा कैंट.- हावड़ा चंबल एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 20.02.25) • **12177 हावड़ा-मथुरा चंबल एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 21.02.25) • **22912 हावड़ा-इंदौर शिप्रा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 20.02.25 एवं 22.02.25) और **22911 इंदौर-हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 20.02.25) • **22466 आनंद विहार टर्मिनल-मधुपुर बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 19.02.25) और **22465 मधुपुर-आनंद विहार टर्मिनल बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 20.02.25) • **19435 अहमदाबाद-आसनसोल एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 20.02.25) और **19436 आसनसोल-अहमदाबाद एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 22.02.25)। **(ख) मार्ग परिवर्तन:** • **12330 आनंद विहार टर्मिनल-सियालदह संपर्क क्रांति एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 19.02.25 और 26.02.25) कानपुर सेंट्रल-लखनऊ जं.-पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. होकर मार्ग परिवर्तित करेगी, **12329 सियालदह-आनंद विहार टर्मिनल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.02.25) पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.-वाराणसी जं.-जंघई जं.-उन्नाव-कानपुर सेंट्रल होकर मार्ग परिवर्तित करेगी और **15657 दिल्ली-कामाख्या ब्रह्मपुत्र मेल** (यात्रा शुरू दिनांक 19.02.25, 20.02.25 एवं 21.02.25) कानपुर सेंट्रल-लखनऊ जं.-गोरखपुर जं.-छपरा जं. होकर मार्ग परिवर्तित करेगी असुविधा के लिए खेद है।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# निलंबन के खिलाफ भाजपा विधायकों ने ममता सरकार के खिलाफ विधानसभा परिसर में दिया धरना

- **दूसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का भाजपा विधायकों ने किया बहिष्कार**
- **मुख्यमंत्री के भाषण का भी भाजपा विधायकों ने किया बहिष्कार**




**कोलकाता :** बंगाल में मुख्य विपक्षी भाजपा के विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी समेत चार सदस्यों को निलंबित किए जाने के खिलाफ ममता बनर्जी सरकार की कथित तुष्टीकरण की राजनीति के विरोध में मंगलवार को विधानसभा परिसर में धरना दिया। राज्यपाल के अभिभाषण पर दूसरे दिन सदन में हुई चर्चा का बहिष्कार करते हुए शुभेंदु के नेतृत्व में सभी भाजपा विधायक हिंदू विरोधी सरकार, आर नय दरकार, मूर्ति भंगार सरकार आर नय दरकार जैसे नारे लगाते हुए प्रथम हाफ के दौरान विधानसभा भवन के मुख्य द्वार की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर बैठ गए और करीब एक घंटे तक धरना दिया। सभी भाजपा विधायकों ने माथे पर भगवा पगड़ी बांधी थी।

यह धरना उन्होंने चार भाजपा विधायकों - शुभेंदु अधिकारी, अग्निमित्र पाल, बंकिम घोष और विश्वनाथ कारक को सदन में हंगामा और कथित अशोभनीय आचरण के लिए सोमवार को निलंबित किए जाने के एक दिन बाद दिया। इस धरने के माध्यम से उन्होंने राज्यपाल के अभिभाषण पर दूसरे दिन हुई चर्चा का बहिष्कार किया।

इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए शुभेंदु ने कहा कि हम किसी समुदाय के खिलाफ नहीं लड़ रहे हैं। हम इस सरकार के खिलाफ हैं, जो हाल के दिनों में बंगाल के कुछ हिस्सों में दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती और कार्तिक की मूर्तियों के साथ तोडफ़ोड़ को रोकने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि हम शैक्षणिक संस्थानों में सरस्वती पूजा को रोकने के प्रयास का विरोध करते हैं। राज्य सरकार ने अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है।

शुभेंदु ने कहा कि मैं जब हिंदुओं के हक में सदन में आवाज उठा रहा था, इसलिए मुझे व तीन अन्य भाजपा विधायकों को सोमवार को अवैध रूप से विधानसभा के बजट सत्र से निलंबित कर दिया गया। मुझे इस पर गर्व है। वहीं, दोपहर में राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री जब विधानसभा में अपना वक्तव्य रख रही थीं, उस दौरान भी भाजपा विधायकों ने उनका बहिष्कार करते हुए विधानसभा भवन के मुख्य द्वार की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर बैठकर धरना दिया। इस दौरान भाजपा विधायकों ने जमकर नारेबाजी करते हुए तृणमूल सरकार के तहत राज्य के लोगों के सामने आने वाले मुद्दों को उजागर किया गया, जिसमें बहुसंख्यक समुदाय के त्योहारों को दबाने के कथित प्रयास भी शामिल हैं। तृणमूल द्वारा उनके खिलाफ पेश किए गए विशेषाधिकार हनन के प्रस्ताव और स्पीकर द्वारा इसे स्वीकार किए जाने के बारे में शुभेंदु ने कहा कि मुझे इस सदन द्वारा चार बार निलंबित किया जा चुका है और मेरे खिलाफ पहले भी इस तरह के विशेषाधिकार प्रस्ताव पेश किए गए हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि मैंने लगातार सत्तारूढ़ पार्टी की तुष्टीकरण नीतियों, भ्रष्टाचार और लोकतंत्र को दबाने के प्रयासों के खिलाफ आवाज उठाई है। लेकिन वे मुझे चुप नहीं करा सकते।

## एमएलए हास्टल से रिक्शा चलाते हुए विधानसभा के लिए निकले तृणमूल विधायक

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक मंगलवार को रिक्शा चलाते हुए महानग की सड़क पर निकल पड़े। रिक्शे की यात्री सीट पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तस्वीर वाला कटआउट था। चारों ओर कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ थी। इस बीच वह धीरे-धीरे रिक्शा चलाते हुए एमएलए हास्टल से विधानसभा की ओर बढ़ने लगे। विधायक का नाम मनोरंजन व्यापारी है और वह हुगली जिले के बालागढ़ से तृणमूल विधायक हैं। वह अक्सर ही अपने बयानबाजी को लेकर चर्चा में रहते हैं। मनोरंजन ने मंगलवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे विधायक आवास(एमएलए हास्टल) से रिक्शा चलाकर विधानसभा की ओर यात्रा शुरू की। इससे पहले बालागढ़ के विधायक ने इंटरने मीडिया पर भी एक पोस्ट किया था, जिस में मनोरंजन ने रिक्शा चलाने के कारण का उल्लेख किया था। उन्होंने लिखा कि जब मैं 2021 में विधानसभा चुनाव में खड़ा हुआ, तो पूरे बंगाल में मज़दूर, किसान और मेहनतकश लोग उत्साहित थे और नारे लगा रहे थे, 'रिक्शे से विधानसभा जाएंगे।' वे सभी जानते थे कि रिक्शा चालक मनोरंजन मेहनतकश लोगों का प्रतिनिधि है। उन्होंने कहा कि भले ही एक रिक्शा चालक बंगाल विधानसभा के माननीय सदस्य है, लेकिन वह अभी तक रिक्शा चलाकर विधानसभा में नहीं पहुंचा है क्योंकि कोलकाता में पैडल रिक्शा नहीं चलते।

www.samagya.in
विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
समाज्ञ
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL | EDUCATION | OBITUARY
PROPERTY | NAME CHANGE | REMEMBRANCE
RECRUITMENT | PUBLIC NOTICE | DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# शिक्षक भर्ती घोटाला : किस प्रभावशाली नेता की सिफारिश से कितने लोगों को मिली नौकरी, सीबीआई जांच में खुलासा

**कोलकाता :** प्राथमिक भर्ती घोटाले की जांच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक महत्वपूर्ण खुलासा किया है। जांच के दौरान बरामद दस्तावेजों में कुछ प्रभावशाली नेताओं के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने कथित तौर पर उम्मीदवारों की सिफारिश की थी। इन नेताओं में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के भाई व पूर्व सांसद दिव्येंदु अधिकारी, भाजपा नेत्री व पूर्व आईपीएस अधिकारी भारती घोष, तृणमूल सांसद ममताबाला ठाकुर और तृणमूल विधायक शौकत मोल्ला शामिल हैं। सीबीआई को ये नाम उस दस्तावेज में मिले हैं, जिसे




उसने कोलकाता स्थित शिक्षा विभाग के दफ्तर विकास भवन में छापेमारी के दौरान बरामद किया था।

**❑ 324 उम्मीदवारों की सिफारिश, 134 को मिली नौकरी**

सीबीआई सूत्रों के अनुसार, दस्तावेजों की जांच में सामने आया कि दिव्येंदु अधिकारी, भारती घोष, ममताबाला ठाकुर और शौकत मोल्ला ने कई उम्मीदवारों की सिफारिश की थी। इन नामों को तत्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी (जो वर्तमान में जेल में हैं) को भेजा गया था। इन उम्मीदवारों में से 134 लोगों को प्राथमिक शिक्षक के पद पर नौकरी मिली थी। सीबीआई यह जांच कर रही है कि क्या इन उम्मीदवारों को केवल सिफारिश के आधार पर नौकरी दी गई या वे वाकई योग्य थे।

**❑ सीबीआई के दस्तावेजों के मुताबिक :**

दिव्येंदु अधिकारी ने 11 उम्मीदवारों के नाम की सिफारिश की, जिनमें से पांच को नौकरी मिली।

ममताबाला ठाकुर ने 20 नामों की सिफारिश की, जिनमें से दो को नौकरी मिली।

भारती घोष ने चार नामों की सिफारिश की, जिनमें से तीन को नौकरी मिली।

शौकत मोल्ला ने दो उम्मीदवारों के नाम भेजे, लेकिन इनमें से किसी को नौकरी नहीं मिली।

श्यामल सात्रा ने 22 उम्मीदवारों की सिफारिश की, जिनमें से तीन को नौकरी मिली।

बिना मंडल ने 13 नामों की सिफारिश की, जिनमें से छह को नौकरी मिली।

निर्मल घोष ने 16 नाम भेजे, जिनमें से छह को नौकरी मिली।

गुलशन मलिक ने 10 उम्मीदवारों की सिफारिश की, जिनमें से चार को नौकरी मिली।

पूर्व मंत्री रमेंद्रनाथ विश्वास ने एक नाम की सिफारिश की, जिसे नौकरी मिल गई।

हालांकि सीबीआई ने अभी तक किसी भी प्रभावशाली नेता को पूछताछ के लिए नहीं बुलाया है, लेकिन इन नेताओं द्वारा सिफारिश किए गए कुछ उम्मीदवारों से पूछताछ की गई है। जांच एजेंसी ने प्राथमिक शिक्षा परिषद से उन 134 उम्मीदवारों की सूची भी हासिल की है, जिन्हें नौकरी मिली थी।

# शिक्षक भर्ती घोटाला : सुजयकृष्ण को हाई कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत

**❑ हाई कोर्ट ने चिकित्सा और मानवीय आधार पर दी अंतरिम जमानत**

**कोलकाता :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने मंगलवार को शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में आरोपित सुजयकृष्ण भद्र को सीबीआइ के मामले में अंतरिम जमानत दे दी। ईडी मामले में सुजय को पहले ही जमानत मिल चुकी है। न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और न्यायमूर्ति अपूर्ब सिन्हा राय की खंडपीठ ने कहा कि आरोपित को चिकित्सा और मानवीय आधार पर अंतरिम जमानत दी गई है, क्योंकि उसके खिलाफ कोई अन्य मामला लंबित नहीं है। अदालत ने सीबीआइ को सुजयकृष्ण की गतिविधियों पर नजर रखने का आदेश दिया। सुजयकृश्ण चिकित्सा कारणों के अलावा किसी अन्य उद्देश्य से बाहर नहीं जा सकेगा। चिकित्सा कारणों को छोड़कर किसी अन्य या राजनीतिक व्यक्ति से नहीं मिल सकेगा। उसके दो मोबाइल नंबर सीबीआइ को उपलब्ध कराए होंगे। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने कहा कि यह आदेश मार्च के अंत तक लागू रहेगा। इस मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च को होगी। खंडपीठ ने कहा कि सुजय की दो निजी अस्पतालों की मेडिकल रिपोर्ट देखने के बाद अदालत चिंतित है। आरोपित को चिकित्सा उपचार की आवश्यकता है। उसे एंजियोप्लास्टी की जरूरत है। यदि इस दौरान किसी की मृत्यु हो जाती है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? अदालत फिलहाल मामले के मुख्य मुद्दों पर विचार नहीं कर रही है।

**❑ सीबीआइ ने कुंतल घोष की आवाज का नमूना एकत्र किया :**

सीबीआइ ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में आरोपित कुंतल घोष की आवाज का नमूना एकत्र किया है। इसके पहले सीबीआइ ने सुजयकृष्ण की आवाज का नमूना एकत्र किया है। जांच अधिकारी की मौजूदगी में मंगलवार को विचार भवन में मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के सामने आवाज का नमूना देते समय पूर्व तृणमूल नेता कुंतल ने विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी के भाई का जिक्र करते हुए कहा कि वह नेता प्रतिपक्ष के भाई हैं, इस लिए उनके साथ कुछ नहीं किया जाएगा। भाजपा नेता दिव्येंदु अधिकारी अधिकारी और भारती घोष को भी बुलाया जाना चाहिए। निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। सीबीआइ उनकी भूमिका के बारे में बताए।

## केबीसी ग्लोबल लिमिटेड ने 1:1 अनुपात में बोनस शेयर जारी करने की दी मंजूरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** केबीसी ग्लोबल लिमिटेड ने 1:1 अनुपात में बोनस इक्विटी शेयर जारी करने की मंजूरी दी है। इसके तहत प्रत्येक 1 रुपये के पूर्ण भुगतान किए गए इक्विटी शेयर के बदले एक बोनस इक्विटी शेयर जारी किया जाएगा। यह निर्णय कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। इसके अतिरिक्त, बोर्ड ने कंपनी का नाम बदलकर धरन इंफ्रा-ईपीसी लिमिटेड करने की भी मंजूरी दी है। कंपनी का उद्देश्य विस्तार योजना-ओं को तेज करना और ऋण कटौती में तेजी लाकर व्यवसाय संचालन में सुधार करना है। कंपनी ने हाल ही में 99.50 करोड़ रुपये तक का निवेश प्राप्त करने के लिए कन्वर्टिबल प्रेफरेंशियल वॉरंट जारी करने की योजना बनाई है। इसके साथ ही, कंपनी की ओर से नए अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर भी हासिल किए गए हैं, जिसमें लाइबेरिया में 12.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की परियोजना भी शामिल है।

## माध्यमिक परीक्षा के दौरान स्कूल में पहुंचीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी



**कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी माध्यमिक परीक्षा चलने के दौरान एक स्कूल में पहुंच गईं। मंगलवार दोपहर विधानसभा जाते समय उन्होंने भवानीपुर क्षेत्र के एक प्रसिद्ध स्कूल का दौरा किया। उस समय परीक्षा चल रही थी। परीक्षार्थियों के माता-पिता स्कूल के बाहर बच्चों का इंतजार कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे भी बात की। स्कूल के प्रिंसिपल ने उनका स्वागत किया। ममता ने उनसे दक्षिण कोलकाता के सबसे पुराने स्कूलों में से एक के जीर्णोद्धार के बारे में बात की। उन्होंने उन्हें सलाह दी कि वे अपने कार्यों की सूची तैयार करें तथा परीक्षा समाप्त होने के बाद उन्हें भेजें। उन्होंने सुधार की दिशा में कदम उठाने का आश्वासन दिया। परीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री को देखकर परीक्षार्थी को आश्चर्य भी हुआ। कई बच्चों ने सीएम का पांव झुककर प्रणाम भी किया और उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री हर साल माध्यमिक परी-क्षाओं के दौरान स्कूलों का दौरा करती रही हैं।

# अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद फिर से जेल गए पार्थ, जांच जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले के आरोपी और राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चट्टोपाध्याय को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद एक बार फिर से जेल भेज दिया गया है। दक्षिण कोलकाता के एक निजी अस्पताल से पार्थ को 28 जनवरी को बाईपास के पास स्थित एक और निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। जानकारी के अनुसार, पार्थ चट्टोपाध्याय को 20 जनवरी को अचानक जेल में बीमार पड़ने के बाद एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में उन्हें 28 जनवरी को निजी अस्पताल भेजा गया था। मंगलवार दोपहर को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पार्थ को प्रेसिडेंसी सुधारगृह में वापस भेजा गया। अस्पताल सूत्रों के



अनुसार, फिलहाल पार्थ को कोई नया मेडिकल टेस्ट नहीं कराया गया था। उन्हें पहले की तरह नियमित शारीरिक परीक्षणों से गुजरना होगा। पार्थ अभी भी नियुक्ति घोटाले के मामले में जेल में ही हैं।

पार्थ ने एसएसकेएम अस्पताल में इलाज कराने में असमर्थता व्यक्त करते हुए अदालत में याचिका दायर की थी। जिसमें उन्होंने निजी अस्प-ताल में भर्ती होने की अनुमति मांगी थी। अदालत ने एसएसकेएम से पार्थ की मेडिकल रिपोर्ट मंगवाकर रिपोर्ट की जांच की और उसके बाद पार्थ को निजी अस्पताल में भर्ती करने की अनुमति दी थी। हालांकि, अदालत ने यह शर्त रखी थी कि पार्थ को इलाज के खर्चे का भुगतान खुद करना होगा, जिस पर वह सहमत हो गए थे। 14 फरवरी को अस्पताल ने कोर्ट को सूचित किया था कि पार्थ अब स्वस्थ हैं और उन्हें जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है। अस्पताल ने पार्थ के स्वास्थ्य रिपोर्ट को न्यायालय में प्रस्तुत किया था।

पार्थ चट्टोपाध्याय पिछले ढाई साल से जेल में बंद हैं। 2022 में केंद्रीय एजेंसियों ने उन्हें गिरफ्तार किया था, और बाद में सीबीआई ने भी उन्हें गिरफ्तार किया था।

## शालीमार स्टेशन पर आरपीएफ ने शराब के 23 बोतलें की जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**हावड़ा :** शालीमार स्टेशन पर आरपीएफ ने भारी मात्रा में शराब जब्त कर सफलता हासिल की है। इस घटना में आरोपी कृष्ण पासवान (31) को गिरफ्तार किया गया है, जो बिहार का निवासी है। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार को शालीमार के आरपीएफ पोस्ट के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पीसी/आरपीएफ/ एसएचएम की निगरानी में एक जांच अभियान चलाया। इस दौरान प्लेटफॉर्म नंबर 02 पर एक व्यक्ति बेंच पर बैठा



हुआ पाया गया, जिसके पास दो प्लास्टिक झोले थे। संदेह होने पर जब इसकी जांच की गई तो उसमें 23 बोतलें 'ब्लेंडर्स प्राइड' (750 मिली) शराब की पाई गईं, जिनकी अनुमानित कीमत 23,000 रुपये थी। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने ये शराब की बोतलें कोलकाता से खरीदी थीं और उसे इन्हें बिहार में उच्च कीमतों पर बेचने जा रहा था। वह शालीमार स्टेशन पर ट्रेन नंबर 15021 पकड़ने के लिए आया था। इसके बाद एसआई के. मंडल ने शराब की 23 बोतलें जब्त की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति और जब्त शराब की बोतलें शालीमार के जीआरपीएस को सौंप दी गईं।

## नॉर्थ हावड़ा यूथ फोरम ने अनिल जी खटेड़ की स्मृति में जरूरतमंदों के बीच किया भोजन वितरण



**हावड़ा, समाज्ञा :** नॉर्थ हावड़ा यूथ फोरम ने अनिल जी खटेड़ की याद में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें 1 हजार जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाया गया। यह कार्यक्रम नंदीबगान गैंग्स शिवा अपार्टमेंट के नीचे आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक गौतम चौधरी, कांग्रेस नेता अनूप रॉय, रजनी सिंह, नीपा घोष, रघुनाथ मंडल, सुनील जैन, अनिल जी की पुत्री ज्योति खटेड़, पुत्र श्रेयांस खटेड़, भतीजा रितेश खटेड़, कमल बरमेचा, गोविंदो दा, अंकित मनोट, उमेश साव, हरिप्रसाद अग्रवाल, अभिषेक उपाध्याय और गैंग्स शिवा परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में सभी ने मिलकर जरूरतमंदों को भोजन वितरण किया और अनिल जी खटेड़ की याद को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस आयोजन को सफल बनाने में गैंग्स शिवा परिवार का विशेष सहयोग रहा।

## पीएल वेल्थ मैनेजमेंट का कोलकाता में पहला वुमेन एंड वेल्थ कार्यक्रम

**कोलकाता :** कोलकाता में पीएल वेल्थ मैनेजमेंट का पहला वुमेन एंड वेल्थ कार्यक्रम एक शानदार सफलता साबित हुआ, जिसमें महिलाओं और उनके परिवारों सहित 65 से अधिक उपस्थित थे। महिलाओं को उनकी वित्तीय यात्रा में सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए इस कार्यक्रम में विक्रम कसाट: हेड - एडवाइजरी, पीएल कैपिटल, द्वारा धन सृजन यात्रा शुरू करने के बारे में मार्गदर्शन और शिल्पा रौत: एवीपी डेरिवेटिव रिसर्च, पीएल कैपिटल,द्वारा एफएंडओ ट्रेडिंग की मूल बातें पेश करने सहित व्यावहारिक प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। विक्रम कसाट ने अपनी मानसिकता बदलने के महत्व पर जोर दिया, उपस्थित लोगों से 'खर्चे हमारी बचत तय करते हैं' से 'बचत हमारे खर्च




तय करती है' की ओर बढ़ने का आग्रह किया, वित्तीय नियोजन में बचत को प्राथमिकता देने की शक्ति पर प्रकाश डाला। इस बीच, शिल्पा रौत ने फ्यूचर्स एंड ऑप्शन्स ट्रेडिंग में शामिल शब्दावली और रणनीतियों को स्पष्ट किया। संवादात्मक सत्रों ने विशेषज्ञ वक्ताओं के साथ जीवंत चर्चा को बढ़ावा दिया, सकारात्मक प्रतिक्रिया उत्पन्न की और इस तरह की पहलों में मजबूत रुचि और आवश्यकता को रेखांकित किया। पीएल इस महत्वपूर्ण संवाद को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## आरजी कर अस्पताल में डॉक्टरों ने की दुर्लभ सर्जरी, कटे हुए हाथ को जोड़कर बचाई मरीज की जान

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर अस्पताल के डॉक्टरों ने एक और बार अपनी सर्जिकल क्षमता का परिचय दिया है। इस बार उन्होंने एक कटे हुए हाथ को जोड़कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। सात घंटे तक चली इस दुर्लभ सर्जरी ने सभी को चौंका दिया। हाथ के कटा हुए हिस्से को पुराने स्थान पर सही तरीके से जोड़ दिया गया, जिससे हावड़ा के एक श्रमिक की जान बचाई गई, जो काम करते समय मौत के मुंह में पहुंच चुका था। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. रूपनारायण भट्टाचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि, 4 फरवरी की शाम करीब 7 बजे हावड़ा डोमजूर के व्यक्ति को गंभीर हालत में लाया गया था। इसके बाद प्लास्टिक सर्जरी और ऑर्थोपेडिक्स विभाग के डॉक्टरों ने एनेस्थेसिया विभाग के डॉक्टरों के साथ मिलकर यह सर्जरी की, जो वास्तव में एक उदाहरण बन गई। सर्जरी में शामिल प्लास्टिक सर्जन दीप्रसत्त महापात्र ने कहा, यह एक बेहद कठिन कार्य था। हाथ कलाई से कट गया था। मरीज से बहुत खून बह रहा था, लेकिन ट्रॉमा केयर में मरीज को देखने के बाद तुरंत इलाज शुरू किया गया और सर्जरी सुबह तक चली। इस सर्जरी में आरजी कर अस्पताल के प्लास्टिक सर्जन अपूर्व कुमार नायक और विकास चंद्र डे भी शामिल थे। ऑपरेशन का संचालन डॉ. फरिया साहबुद्दीन के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान एनेस्थेसिया विभाग के डॉक्टरों अर्पिता चौधरी और अनिकेत महातो की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। ऑपरेशन के बाद 58 वर्षीय मरीज की स्थिति अब स्थिर है और वह डॉक्टरों की निगरानी में है।

## ग्रीन लाइन पर 20.02.2025 से 23.02.2025 तक संपूर्ण ब्लॉक

**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे, कोलकाता ने पहले घोषित अनुसार, ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर (ग्रीन लाइन) पर संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण (सी बी टी सी) प्रणाली के परीक्षण के लिए 20 फरवरी 2025 से 23 फरवरी 2025 (चार दिनों तक, जिसमें शनिवार और रविवार भी शामिल हैं) तक संपूर्ण यातायात ब्लॉक देने का निर्णय लिया है। इस अवधि के दौरान हावड़ा मैदान से साल्ट लेक सेक्टर 5 तक ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर पर कोई मेट्रो सेवा उपलब्ध नहीं होगी। हालांकि, ब्लू लाइन, पर्पल लाइन और ऑरेंज लाइन पूरी तरह अपने निर्धारित समय सारणी के अनुसार चालू रहेंगी।

## चिरेका ने वित्त वर्ष 2024-25 में अबतक 581 इलेक्ट्रिक रेल इंजन का किया उत्पादन




**चित्तरंजन :** भारतीय रेलवे की अग्रणी लोकोमोटिव विनिर्माण इकाई चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) ने अपने स्थापना वर्ष का 75 गौरवशाली वर्षों का उत्सव मनाते हुए बुधवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 581वां इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव का ऐतिहासिक उत्पादन आँकड़ा का मुकाम हासिल किया, जो विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त 580 लोकोमोटिव निर्माण के अब तक के उच्चतम उत्पादन आंकड़ा को पार कर गया है। चिरेका द्वारा यह उपलब्धि किसी भी वित्तीय वर्ष में अब तक का सबसे अधिक उत्पादन आँकड़ा है और इसके इतिहास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। चालू वित्तीय वर्ष में यह उल्लेखनीय उपलब्धि पिछले वर्ष की तुलना में 41 दिन पहले ही हासिल कर ली गई है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि विजय कुमार, महाप्रबंधक/चिरेका के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इनके निरंतर प्रेरणा और प्रोत्साहन से चिरेका के कार्य कुशल कर्मचारियों द्वारा समर्पित प्रयास से संभव हो पाया। महाप्रबंधक विजय कुमार ने चिरेका की पूरी टीम इस उपलब्धि के लिए को बधाई दी और उत्पादन की प्रगति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की।

# आसनसोल स्टेशन पर कुंभ मेला के लिए विशेष व्यवस्था, यात्रियों को मिली सुविधा और सुरक्षा

**आसनसोल :** कुंभ मेला, जिसे दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक माना जाता है, हर साल लाखों तीर्थयात्रियों को आकर्षित करता है। इस विशाल धार्मिक आयोजन में भाग लेने के लिए यात्रियों की आवाजाही को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने आसनसोल स्टेशन पर विशेष व्यवस्थाएं की हैं। इन विशेष उपायों के तहत कुंभ मेला के लिए चलायी जा रही ट्रेनों में सवार यात्रियों को व्यवस्थित, सुरक्षा सुनिश्चित और परेशानी मुक्त यात्रा का अनुभव प्राप्त हो रहा है। आसनसोल स्टेशन पर वाहन प्रवेश को प्रतिबंधित कर दिया गया था, और यात्रियों की भीड़ को सुव्यवस्थित करने के लिए विशेष होल्डिंग क्षेत्र विकसित किए गए। धूप से राहत के लिए अस्थायी शेड का निर्माण किया गया। यात्रियों को उनके संबंधित ट्रेनों के अनुसार




व्यवस्थित तरीके से अलग किया गया, और सीसीटीवी निगरानी के माध्यम से भीड़ की प्रभावी निगरानी की गई। यात्रियों को स्टेशन में अनुशासित तरीके से प्रवेश कराया गया और होल्डिंग क्षेत्रों से व्यवस्थित रूप से भेजा गया। इसके अतिरिक्त, पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था की गई, और यात्रियों की सहायता के लिए 'क्या मैं आपकी सहायता कर सकता हूं?' बूथ भी स्थापित किया गया। आसनसोल से टूंडला तक चलने वाली 03505 महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन में यात्रियों की परेशानी मुक्त और सुरक्षित बोर्डिंग सुनिश्चित करने के लिए आरपीएफ और रेलवे कर्मचारियों ने आवश्यक सहायता प्रदान की।

## ऑक्सफोर्ड हाई स्कूल में सर्वाइकल कैंसर पर जागरूकता सत्र, 12 मार्च को छात्राओं का निःशुल्क टीकाकरण

**कोलकाता :** ऑक्सफोर्ड हाई स्कूल ने हाल ही में नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल और रोटरी इंटरनेशनल क्लब के सहयोग से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस सत्र



का मुख्य उद्देश्य माता-पिता को प्रारंभिक जांच और निवारक उपायों के महत्व से अवगत कराना था, ताकि सर्वाइकल कैंसर से बचाव किया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के रेक्टर और अध्यक्ष एस.सी. दुबे ने की, जिन्होंने स्वास्थ्य जागरूकता और समुदाय की भलाई के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की डॉ. सुचेतना घोष रॉयचौधरी ने सत्र का नेतृत्व किया, जबकि डॉ. सुप्रजा ने सर्वाइकल कैंसर के जोखिम, इसके प्रारंभिक पहचान के तरीके और निवारक उपायों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस सत्र में माता-पिता ने सक्रिय रूप से भाग लिया। ऑक्सफोर्ड हाई स्कूल अपने छात्रों के लिए एक स्वस्थ वातावरण प्रदान करने और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में अग्रणी है। यह स्कूल समुदाय के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, जागरूक और सक्रिय समाज की दिशा में काम कर रहा है। इसके अतिरिक्त, 9 से 14 वर्ष की आयु की छात्राओं का निःशुल्क टीकाकरण 12 मार्च 2025 को स्कूल में आयोजित किया जाएगा, जो नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रोटरी इंटरनेशनल क्लब और ऑक्सफोर्ड हाई स्कूल के संयुक्त सहयोग से होगा।


## एडलवाइज लाइफ की स्टडी: 60% सैंडविच जेनरेशन को भविष्य की वित्तीय सुरक्षा की चिंता

**कोलकाता, समाज्ञा :** एडलवाइज लाइफ इंश्योरेंस की एक नई स्टडी के अनुसार, भारत की सैंडविच जेनरेशन के 60% लोग भविष्य के लिए वित्तीय सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। 35 से 54 वर्ष की आयु के ये लोग अपने बुजुर्ग माता-पिता और बच्चों की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने की जिम्मेदारी उठाते हैं, फिर भी उन्हें लगता है कि वे भविष्य के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। कंपनी ने यू जीओवी के साथ मिलकर 4,005 लोगों का सर्वे किया, जिससे यह निष्कर्ष सामने आया कि इस जनरेशन में मनी डिस्मॉर्फिया यानी अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर निराशा की भावना फैली हुई है। 50% से अधिक लोग पैसे खत्म होने की चिंता करते हैं। इसके बावजूद, 94% लोग अपनी वित्तीय योजना बनाते हैं, लेकिन 64% ने कम समय की जरूरतों के लिए क्रेडिट का इस्तेमाल किया। स्टडी से यह भी पता चला कि 79% लोग भविष्य के लिए रिटर्न और नियमित आय के जरिए अपने लक्ष्य को पूरा करने की उम्मीद करते हैं।

# हालीशहर-नैहाटी सेक्शन में प्रमुख अपग्रेडेशन का कार्य हुआ पूरा

**इस कार्य के परिणामस्वरूप ट्रेन संचालन के लिए सुरक्षा व गति में होगी वृद्धि**

**कोलकाता :** पूर्व रेलवे अंतर्गत सियालदह डिवीजन ने हालिशहर-नैहाटी रेल लाइन पर एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास (अपग्रेडेशन का कार्य) त्वरित गति से सफलतापूर्वक पूरा करने की मंगलवार को घोषणा करते हुए इसपर प्रसन्न जताई। एक बयान में बताया गया कि इस परियोजना में बिंदु संख्या 158ए/159 का व्यापक बिंदु रूपांतरण, भारी रेल के साथ ट्रैक का नवीनीकरण और महत्वपूर्ण जमीनी स्तर में सुधार शामिल थे, जिसके परिणामस्वरूप ट्रेन संचालन के लिए सुरक्षा व गति में वृद्धि होगी। एक अधिकारी ने बताया कि पुराने बिंदुओं को आधुनिक, उन्नत तकनीक से बदल दिया गया है, जिससे सुचारू और अधिक कुशल ट्रेन आवागमन सुनिश्चित हुआ है। यह



अपग्रेड अधिक ताकत और स्थिरता प्रदान करता है, जिससे ट्रेन की गति बढ़ जाएगी। इस परियोजना का एक महत्वपूर्ण लाभ सिग्नल विफलताओं की संभावना में पर्याप्त कमी है। आधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली, उन्नत ट्रैक और प्वाइंट्स के साथ मिलकर यात्रियों के लिए व्यवधान और देरी को कम करेगी। सियालदह के डीआरएम दीपक निगम ने कहा कि इस अपग्रेडेशन से हालिशहर-नैहाटी सेक्शन की सुरक्षा और दक्षता में पर्याप्त वृद्धि होगी। भारी पटरियां, उन्नत प्वाइंट तकनीक और जमीनी स्तर में सुधार हमें अधिक गति से ट्रेनें चलाने की अनुमति देंगे, जिससे हमारे यात्रियों के लिए यात्रा का समय कम होगा। इसके अलावा, सिग्नल विफलताओं के कम जोखिम से अधिक विश्वसनीय ट्रेन संचालन हो सकेगा। सियालदह मंडल का दावा है कि इस अपग्रेडेशन कार्य से यात्री इस मार्ग पर अपने यात्रा अनुभव में महत्वपूर्ण सुधार का अनुभव करेंगे।

# पूर्व मध्य रेलवे ने ऑपरेशनल कारणों से ट्रेनों को रद्द और पुनर्निर्धारित किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व मध्य रेलवे द्वारा ऑपरेशनल कारणों से 19 फरवरी को चलने वाली 12340 धनबाद-हावड़ा कोलफील्ड एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा, कुछ ट्रेनों के समय में देरी के कारण पुनर्निर्धारित किया गया है। इसके तहत, 22405 भागलपुर-आनंद विहार टर्मिनल गरीब रथ एक्सप्रेस 19 फरवरी को भागलपुर से सुबह 03:00 बजे प्रस्थान करेगी, जो पहले 18 फरवरी को 13:55 बजे निर्धारित थी और जिसे पहले 18 फरवरी को रात 23:00 बजे पुनर्निर्धारित किया गया था। 12381 हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस 19 फरवरी को हावड़ा से सुबह 11:55 बजे प्रस्थान करेगी, जो पहले 19 फरवरी को सुबह 08:15 बजे निर्धारित थी। 12307 हावड़ा-



जोधपुर एक्सप्रेस 19 फरवरी को हावड़ा से सुबह 07:00 बजे प्रस्थान करेगी, जो पहले 18 फरवरी को रात 23:30 बजे निर्धारित थी और जिसे पहले 19 फरवरी को सुबह 04:00 बजे पुनर्निर्धारित किया गया था। वहीं, 01904 कोलकाता-आगरा कैंट कुंभ मेला स्पेशल 19 फरवरी को कोलकाता स्टेशन से सुबह 10:45 बजे चलेगी, जो पहले 19 फरवरी को सुबह 05:00 बजे निर्धारित की गई थी।

# हावड़ा स्टेशन पर चलाया गया टिकट जांच अभियान, 53,530 रुपये का वसूला गया जुर्माना

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने हावड़ा स्टेशन पर एक व्यापक रेलवे मजिस्ट्रेट टिकट जांच अभियान चलाया। 17 फरवरी को आयोजित यह अभियान रेलवे मजिस्ट्रेट नीलाद्री कुमार नाथ के नेतृत्व में किया गया। इस अभियान में वाणिज्यिक विभाग और रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी भी शामिल थे। इसका उद्देश्य रेलवे यात्रियों में वैध टिकट रखने और सही तरीके से यात्रा प्रक्रिया पालन करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इस टिकट जांच अभियान के दौरान रेलवे अधिकारियों ने 223 टिकट उल्लंघन के मामले और 6 गंदगी फैलाने के मामले, कुल मिलाकर 229 मामले दर्ज किए और कुल 53,530 रुपये



का जुर्माना वसूल किया गया। यह सक्रिय कदम न केवल डिवीजन की रेलवे नियमों का पालन सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है, बल्कि यात्रियों को रेल नेटवर्क का उपयोग करते समय अपनी जिम्मेदारियों को समझाने का एक शैक्षिक अवसर भी प्रदान करता है। हावड़ा डिवीजन के इन प्रयासों का उद्देश्य यात्री जागरूकता और अनुपालन को बढ़ाना है।

# कोलकाता से ट्राम लाइन हटाने पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक

❑ **कमेटी की रिपोर्ट मिलने के बाद होगा अंतिम फैसला**

**कोलकाता :** फिलहाल कोलकाता में कोई भी ट्राम लाइन बंद नहीं की जा सकती। कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक बार फिर सख्त आदेश जारी किया है। हाई कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि शहर में कोई भी ट्राम लाइन तब तक बंद नहीं की जा सकती जब तक कि अदालत द्वारा नियुक्त समिति की रिपोर्ट नहीं आ जाती। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह में होगी।



मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति चैताली चटर्जी की खंडपीठ ने कहा कि सबसे पहले हाई कोर्ट द्वारा नियुक्त एक समिति मामले की जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। रिपोर्ट प्राप्त होने तक ट्राम लाइन को सड़क से हटाने का काम पूरी तरह से रोक देना होगा। अदालत ने कहा कि संबंधित प्राधिकारियों को कोलकाता की विरासत ट्राम की सुरक्षा के प्रति सचेत रहना चाहिए। इसके अलावा खिदिरपुर में ट्राम लाइन बंद करने का फैसला किसने लिया, कोलकाता पुलिस इसकी जांच करेगी। गौरतलब है कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने पहले भी उस मामले में कोलकाता में ट्राम लाइन बिछाने के काम पर रोक लगाने का आदेश दिया था। कहा गया कि राज्य को अदालत को एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी, जिसमें नष्ट की जा रही ट्राम लाइन की तस्वीरें भी शामिल होंगी। इसके बाद हाई कोर्ट ने पुलिस, परिवहन विशेषज्ञों, कोलकाता नगर पालिका और राज्य परिवहन निगम सहित विभिन्न पक्षों के प्रतिनिधियों की एक समिति गठित की। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने कहा था कि समिति ट्राम आरक्षण के मुद्दे की समीक्षा करेगी। इस बीच, मामले की सुनवाई के दौरान बताया गया कि शहर के कुछ इलाकों में ट्राम लाइनों को बंद करने का काम शुरू हो गया है। हालांकि, राज्य का कहना है कि राज्य परिवहन विभाग ने ट्राम लाइन को बंद करने का आदेश नहीं दिया है। हम इसकी जांच करेंगे कि यह काम कौन कर रहा है। बल्कि, राज्य ने बताया कि वह मैदान से खिदिरपुर तक के मार्ग पर पीपीपी माडल पर ट्राम चलाने पर विचार कर रहा है। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने प्रस्ताव दिया कि यदि कोई निजी संगठन इच्छुक हो तो राज्य सरकार उससे भी मदद ले सकती है। एक नागरिक संगठन ने शहर की सड़कों पर ट्रामों की वापसी की मांग को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस घटना को लेकर एक जनहित याचिका दायर की गई थी। वादी ने आरोप लगाया था कि कालीघाट, भवानीपुर, जजेज कोर्ट और खिदिरपुर में ट्राम लाइनों को पिच से ढक दिया गया है ताकि ट्रामों को सड़क पर चलने से रोका जा सके।

# हाई कोर्ट ने सरकार से पूछा-राज्य के लोगों को इलाज के लिए और कितने दिन दक्षिण जाना पड़ेगा?

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की जगह पर निर्माण कार्य को लेकर राज्य को लगाई फटकार

**कोलकाता :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की जगह पर निर्माण कार्य को लेकर राज्य को फटकार लगाई है। हाई कोर्ट ने 50 साल पुराने स्वास्थ्य केंद्र की खराब स्थिति पर चिंता व्यक्त की। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति चैताली चटर्जी की खंडपीठ ने नववर्ष के अवसर पर पार्क स्ट्रीट पर रोशनी करने में बहुत गर्व है और राज्य की जनता पीड़ित है। एक भी स्वास्थ्य केंद्र ठीक से काम नहीं कर रहा है।



मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि एक स्वास्थ्य केंद्र में 50 वर्षों से 10 बिस्तर हैं। इसके बाद भी स्वास्थ्य सचिव ने रिपोर्ट दी और कहा कि सुधार हुए हैं। उनके सिर के ऊपर कोई और है। शायद उनको अपना कार्यालय बचाना होगा। राज्य के लोगों को यहां से कोरामंडल एक्सप्रेस से कितने दिन और यात्रा करनी पड़ेगी? मुख्य न्यायाधीश ने यह भी सवाल उठाया कि लोगों को इलाज के लिए निजी अस्पतालों में क्यों जाना पड़ता है। इतने वर्षों में अस्पताल के बिस्तरों की संख्या क्यों नहीं बढ़ी? यदि सेवाओं में सुधार नहीं किया गया तो लोग इलाज के लिए अन्यत्र क्यों नहीं जाएंगे? अस्पताल में कोई सेवा नहीं है। सरकारी अस्पताल भी गंदे हैं। मुझे मजबूरन निजी अस्पताल जाना पड़ता है। लोगों की कोई चिंता नहीं। उन्हें मरने दो। यहां केवल वोट पर ही विचार किया जाता है। मतदाताओं के बारे में नहीं। उन्होंने आगे टिप्पणी की कि यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो समस्याओं का समाधान हो सकता है।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस की कोलकाता-हिंडन उड़ान सेवा एक मार्च से

**कोलकाता :** एयर इंडिया की अनुषंगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस कोलकाता से उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के हिंडन हवाई अड्डे के बीच उड़ान सेवा शुरू करने जा रही है। एयरलाइन के प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दोनों स्थानों के बीच उड़ान सेवा एक मार्च से शुरू होगी। प्रवक्ता ने बताया कि कोलकाता से हिंडन की उड़ान प्रतिदिन संचालित होगी, जबकि हिंडन से कोलकाता की उड़ान शनिवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन संचालित की जाएगी। यह उड़ान कोलकाता से सुबह सात बजकर 10 मिनट बजे रवाना होगी और प्रतिदिन सुबह साढ़े नौ बजे हिंडन पहुंचेगी। वापसी उड़ान हिंडन हवाई अड्डे से शाम पांच बजकर 20 मिनट पर बजे रवाना होंगी और शाम सात बजकर 40 मिनट पर पूर्वी महानगर पहुंचेगी।

# पानी की किल्लत से परेशान ग्रामीणों ने हावड़ा-आमता रोड किया जाम

**हावड़ा, समाज्ञा :** गर्मियों की पूरी तरह से शुरुआत हुई नहीं की पानी की किल्लत शुरू हो गई। पानी की परेशानी के कारण डोमजूर के ग्रामीणों ने मंगलवार को हावड़ा-आमता रोड को जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि डोमजूर के माकरदाह 1 नंबर ग्राम पंचायत क्षेत्र में जल आपूर्ति के लिए केएमडीए के जलाशय से पानी आता है। लेकिन हाल ही में उस जलाशय के पंप के उपकरण चोरी हो गए थे, जिसके बाद इलाके में जल आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो गई। इसके परिणामस्वरूप पिछले दो हफ्तों से ग्रामीणों को पानी की गंभीर किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्राम पंचायत प्रमुख और प्रशासन को कई बार इस समस्या से अवगत कराए जाने के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। लगभग डेढ़ घंटे तक हावड़ा-आमता रोड को जाम कर उन्होंने अपना गुस्सा जाहिर किया, जिसके कारण यातायात प्रभावित हुआ। घटना की सूचना मिलने पर डोमजूर थाना का विशाल पुलिस बल मौके पर पहुंचा और प्रदर्शनकारियों से बातचीत करके स्थिति को नियंत्रित किया। माकरदह 1 नंबर ग्राम पंचायत के प्रमुख दिव्येंदु चट्टोपाध्याय ने बताया कि पंप के उपकरण चोरी होने के बाद केएमडीए ने एक बार मरम्मत कर दी थी, लेकिन तीन दिन पहले फिर चोरी हो जाने के कारण जल आपूर्ति में समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने बताया कि उन्होंने केएमडीए अधिकारियों और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी है और उम्मीद जताई है कि अगले दो-तीन दिनों में जल आपूर्ति फिर से शुरू हो जाएगी।

# आरजी कर भ्रष्टाचार मामला : हाई कोर्ट ने संदीप घोष को सीबीआइ के दस्तावेजों के लिए निचली अदालत जाने को कहा

## घोष समेत पांच आरोपितों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था

**कोलकाता :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने आरजी कर अस्पताल के वित्तीय भ्रष्टाचार के मामले की जांच में सामने आए विश्वसनीय दस्तावेज प्राप्त करने के लिए अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को निचली अदालत में आ-वेदन करने को कहा है। मंगलवार को जस्टिस जयमाल्य बागची और गौरांग कंठ की खंडपीठ ने कहा कि आरोपित 24 फरवरी तक संबंधित दस्तावेजों के लिए आ-वेदन कर सकते हैं। निचली अदालत आवेदन पर विचार करेगी और आदेश जारी करेगी। हाई कोर्ट ने कहा कि इस अवधि के दौरान निचली अदालतें भ्रष्टाचार के मामलों की सुनवाई प्रक्रिया जारी रख सकेंगी। फिलहाल इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं होगा।

आरजी कर भ्रष्टाचार मामले में सीबीआइ दस्तावेज हासिल करने के लिए संदीप घोष समेत पांच आरोपितों ने हाई कोर्ट का दरव-ाजा खटखटाया था। न्यायमूर्ति बागची की खंडपीठ ने केंद्रीय जांच एजेंसी को आरोपितों को वे दस्तावेज उपलब्ध कराने का आदेश दिया। मंगलवार को सुनवाई के दौरान सीबीआइ के वकील और केंद्र के डिप्टी सालिसिटर जनरल राजदीप मजूमदार ने कहा कि अदालत के आदेश के अनुपालन में पर्याप्त दस्तावेज उपलब्ध कराए गए हैं। विरोध में संदीप के वकील सब्यसाची बनर्जी ने तर्क दिया कि उन्हें सभी दस्तावेज नहीं मिले। केवल जांच से संबंधित दस्तावेज ही उपलब्ध कराए गए हैं। जवाब में सीबीआइ के वकील ने कहा कि जांच जारी है। इस स्थिति में कोई भी विश्वसनीय जानकारी या दस्तावेज उपलब्ध कराना संभव नहीं है। इससे जांच प्रभावित हो सकती है। सीबीआइ की दलील सुनने के बाद हाई कोर्ट ने कहा कि विश्वसनीय दस्तावेजों के आधार पर ट्रायल कोर्ट फैसला करेगा। आरोपित को वहां आ-वेदन करना होगा। बता दें कि घोष पर टेंडरों को लेकर पक्षपात करने, मेडिकल आर्गेनिक कचरे की अवैध बिक्री, मुर्दाघर के शवों के अंग बेचने, पैसे लेकर मेडिकल छात्रों को पास कराने जैसे कई गंभीर आरोप लगे हैं।

# कलकत्ता हाई कोर्ट ने पासपोर्ट कार्यालय की भूमिका पर उठाया सवाल

❑ **कहा-बार-बार आदेश दिए जाने के बाद भी युवती को अमेरिका जाने की नहीं मिली अनुमति**

❑ **न्यायाधीश ने मामले में केंद्र सरकार से मांगा जवाब**

**कोलकाता :** कलकत्ता हाई कोर्ट की न्यायाधीश अमृता सिन्हा ने एक मामले की सुनवाई के दौरान विदेश मंत्रालय के अधीन पासपोर्ट कार्यालय की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि अदालत द्वारा बार-बार आदेश दिए जाने के बाद भी युवती को उसके मंगेतर से मिलने के लिए अमेरिका जाने की अनुमति नहीं दी जा रही। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत में बताया कि पासपोर्ट कार्यालय हाई कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं कर रहा है।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने कहा कि न्यायालय द्वारा एक के बाद एक आदेश जारी करने के बावजूद यह सिलसिला जारी है। यह वांछनीय नहीं है। एक युवती दो महीने के लिए अमेरिका जाना चाहती है। ऐसा नहीं है कि वह भाग रही है। न्यायाधीश ने कहा कि युवती के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज होने के बावजूद, जहां संबंधित अदालत ने उसे विदेश यात्रा की मंजूरी दे दी है, तो पासपोर्ट प्राधिकरण किस आधार पर ऐसा कर रहा है? हालांकि, केंद्र सरकार की ओर से कोई अधिवक्ता उपस्थित नहीं होने की वजह से जूनियर अधिवक्ता ने मामले को स्थगित करने का आवेदन किया। इसलिए अदालत ने मामले को स्थगित करते हुए कहा कि केंद्र के वकील को अगले बुधवार को इस मामले पर स्पष्टीकरण देना होगा।

# सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) ने निःशुल्क यूरोलॉजी एवं गायनेकोलॉजी चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) द्वारा सीकर भवन में अपोलो मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल लिमिटेड के वाईस प्रेसिडेंट विशाल अग्रवाल की अगुवाई में रविवार को निःशुल्क यूरोलॉजी एवं गायनेकोलॉजी चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। डॉ तरुण जिंदल सीनियर कंसल्टेंट, रोबोटिक सर्जन (यूटीआई, प्रोस्टेट मूत्राशय संबंधी समस्याओं और अन्य के विशेषज्ञ) तथा डॉक्टर मोनिका मीना (वरिष्ठ परामर्शदाता, प्रसूति एवं स्त्री रोग प्रजनन स्वास्थ्य, पेल्विक दर्द) एवं उनकी टीम की देखरेख में यह शिविर संपन्न हुआ। शिविर में सभी मरीजों का निःशुल्क बी.पी, शूगर एवं वजन का जांच कर उपरोक्त संबंधित परामर्श एवं उपचार किया गया। संयोजक लक्ष्मी कुमार बियानी एवं डॉ.एल.एन ओझा ने यह जानकारी दी। परिषद के अध्यक्ष




घनश्याम प्रसाद सोभासरिया ने कहा कि यह शिविर जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। परिषद के अध्यक्ष अरविंद कुमार बियानी एवं सचिव रवि शंकर सीकरिया ने संयोजकों के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में ऐसे और भी शिविर आयोजित करने का आश्वासन दिया। साथ ही इस दिन परिषद द्वारा श्री चैतन्य महाप्रभु के जन्मोत्सव पर बाग बाजार से निकली शोभायात्रा में सम्मिलित लगभग 2 हजार भक्तजनों को शीतल शरबत एवं जल वितरण किया गया। शिविरों के सफल आयोजन में परिषद के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में काशी प्रसाद धेलिया, श्रीमोहन चौधरी, रवि लोहिया, सुनीता लोहिया, आदित्य विक्रम बियानी, अमित सिंघी, मनोज मित्तल, रामओतार अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, मंजु अग्रवाल, एवं चंचल मित्तल का भरपूर सहयोग रहा।

# राज्य सचिवालय ने राज्य गीत को लेकर जारी किए दिशानिर्देश

❑ **राज्य गीत को पूरा करने के लिए एक मिनट की समय सीमा निर्धारित की गई**

**कोलकाता :** राज्य सचिवालय ने राज्य गीत को लेकर दिशानिर्देश जारी किए हैं। राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत की ओर से जारी दिशानिर्देश में बताया गया है कि रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखित गीत बांग्लार माटी, बांग्लार जल.. की किस पंक्ति को राज्य गीत के रूप में गाया जाएगा। दिशानिर्देश में राज्य गीत को पूरा करने के लिए एक मिनट की समय सीमा निर्धारित की गई है। यह भी कहा गया है कि राज्य गीत के दौरान खड़ा होना अच्छा है।

दिशानिर्देश के मुताबिक राज्य गीत के रूप में गाया जाएगा-बांग्लार माटी, बांग्लार जल, बांग्लार वायु, बांग्लार फल -पुण्य हो, पुण्य हो, पुण्य हो, हे भगवान, बांगालिर प्राण, बांगालिर मोन, बांगालिर घरे जतो भाई बोन, एक होक, एक होक, एक होक, हे भगवान। बता दें कि राज्य सरकार ने 2023 में विधानसभा में बैशाख माह के प्रथम दिन को राज्य दिवस के रूप में मनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया था। इसके अलावा यह भी निर्णय लिया गया था कि रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखित गीत बांग्लार माटी, बांग्लार जल...बंगाल का राज्य गीत होगा। इसके बाद उसी वर्ष दिसंबर में अंतर्राष्ट्रीय कोलकाता फिल्म महोत्सव में राज्य गीत के रूप में बजाए जाने वाला गीत मूल गीत से भिन्न था। इसके बोल थे-बांग्लार प्राण, बांग्लार मोन...। इसको लेकर काफी आल-ोचना हुई थी। नए दिशानिर्देश में बांग्लार को बांगालिर किया गया है।

# सरकारी बैंक के भ्रष्टाचार की जांच के लिए सीबीआइ को राज्य की अनुमति लेने की जरूरत नहीं : हाई कोर्ट

❑ **सीबीआइ को दो सरकारी बैंकों के वित्तीय भ्रष्टाचार मामले की प्रारंभिक जांच का दिया आदेश**

**कोलकाता :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा है कि सरकारी बैंक के भ्रष्टाचार की जांच के लिए सीबीआइ को राज्य की अनुमति लेने की जरूरत नहीं है। हाई कोर्ट ने सीबीआइ को दो सरकारी बैंकों के वित्तीय भ्रष्टाचार मामले की प्रारंभिक जांच करने का आदेश दिया है। अदालत ने मामले की जांच अभी तक शुरू नहीं करने के लिए सीबीआइ को फटकार भी लगाई। हाई कोर्ट ने कहा कि सीबीआइ को राज्य की मंजूरी का इंतजार करने के बजाय अभी जांच शुरू कर देनी चाहिए।

न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने टिप्पणी की कि सरकारी बैंक अधिकारी धन के गबन में शामिल हैं। यदि इस मामले में भी अनुमति मांगी गई तो यह मामले को कूड़ेदान में फेंकने जैसा होगा। न्यायाधीश ने कहा कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों और राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों के कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए राज्य की मंजूरी की आवश्यकता नहीं है। यदि बैंक कोई आपत्ति नहीं करता है तो सीबीआइ को तुरंत एफआइआर दर्ज कर जांच शुरू करनी चाहिए। बता दें कि 2022 में दो सरकारी बैंकों में करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के आरोप लगे थे। बैंकों ने वित्तीय भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जांच के लिए सीबीआइ से संपर्क किया था। बैंकों ने कहा था कि भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार छह करोड़ रुपये या उससे अधिक के वित्तीय भ्रष्टाचार के मामलों में वे सीबीआइ से संपर्क कर सकते हैं। बैंकों का दावा है कि करीब दो साल तक जांच करने के बाद सीबीआइ ने कहा कि वह इस मामले की जांच नहीं कर पाएगी, क्योंकि सरकारी अधिकारियों की जांच के लिए राज्य की अनुमति आवश्यक है। सीबीआइ ने दावा किया कि राज्य सरकार ने उससे वह अनुमति वापस ले ली है। सीबीआइ का बयान सुनते हुए न्यायमूर्ति घोष ने कहा कि यह तर्क स्वीकार्य नहीं है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा कि इस तरह के मामलों की जांच के लिए सीबीआइ को राज्य से अनुमति लेने के लिए आवश्कता नहीं।

## पत्नी के कहने पर किडनी बेचने वाला पति अब सुरक्षा की मांग को लेकर पहुंचा हाई कोर्ट

**कोलकाता :** पत्नी के कहने पर किडनी बेचने वाले पति ने अब अपनी सुरक्षा की मांग को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हावड़ा के सांकराइल के धूलागढ़ में पिछले दिनों पत्नी ने घर की आर्थिक तंगी दूर करने के लिए पति को समझा-बुझाकर उसकी किडनी 10 लाख रुपये में बिचवा दी थी। इसके बाद पूरी रकम लेकर अपने प्रेमी के साथ भाग गई। पीड़ित के वकील ने कोर्ट को बताया कि पुलिस रोज उसके मुवक्किल के घर पहुंचती है. इससे वह भयभीत है। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश तीर्थंकर घोष ने राज्य से रिपोर्ट तलब की है। हालांकि न्यायाधीश ने यह भी कहा कि इसमें अदालत क्या करेगी? पुलिस का काम जांच करना है और वह हर दिन जांच करने जा सकती है। इस मामले की अगली सुनवाई अप्रैल में होगी। उल्लेखनीय है कि पत्नी सुपर्णा बेज की बातों में आकर पति पिंटू ने किडनी बेचने का फैसला किया था। महिला ने एक खरीदार से 10 लाख रुपये में सौदा तय किया और पति का पिछले महीने आपरेशन कराया। किडनी बेचने के बाद जब पति घर लौटा, तो पत्नी ने उसे आराम करने और बाहर न जाने की सलाह दी, ताकि वह जल्दी स्वस्थ हो सके. लेकिन कुछ दिनों बाद वह अचानक घर से गायब हो गई। जब पति ने घर की तलाशी ली, तो देखा कि आलमारी से 10 लाख रुपये नकद और गहने भी गायब हैं। खोजबीन करने के बाद पति को पता चला कि उसकी पत्नी कोलकाता के बैरकपुर इलाके में प्रेमी के साथ रह रही है। हालांकि पत्नी ने 10 लाख रुपये और गहने लेने की बात से इन्कार किया है।

# हावड़ा में स्वामी विवेकानंद के आगमन के 125 साल पूरे होने पर विवेक द्वार का उद्घाटन

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा के रामकृष्णपुर में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक आगमन के 125 साल पूरे होने के अवसर पर विवेक द्वार का उद्घाटन किया गया। इस विशेष अवसर पर रामकृष्ण मठ और मिशन के अध्यक्ष स्वामी गौतमानंदजी महाराज ने इसका उद्घाटन किया। कोलकाता के बादूड़बागान निवासी नवगोपाल घोष, जो श्री श्री रामकृष्ण देव के आशीर्वाद से धन्य थे, हावड़ा के रामकृष्णपुर लेन में 25 कट्ठा जमीन खरीदकर अपनी पत्नी निस्तारिणी देवी के साथ वहां रहने लगे। 6 फरवरी 1898 को स्वामी विवेकानंद तीन नावों के साथ रामकृष्णपुर गंगा घाट पहुंचे। वहां से उन्होंने ढोल-नगाड़े बजाते हुए नंगे पांव नवगोपाल के घर की ओर प्रस्थान किया। स्वामी विवेकानंद के इस ऐतिहासिक पल की 125वीं वर्षगांठ पर विवेक द्वार बनाने का प्रस्ताव रखा गया, जो मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रेरणा से और मंत्री अरूप रॉय के नेतृत्व में बनकर तैयार हुआ। उद्घाटन समारोह में रामकृष्ण मठ और मिशन के सन्यासी, खाद्य प्रसंस्करण मंत्री अरूप रॉय और अन्य विशिष्ट लोग उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं भेजी।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट कोलकाता ने 44वें ऑल इंडिया मेजर पोर्ट बास्केटबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी की

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट कोलकाता (एसएमपीके) ने 44वें ऑल इंडिया मेजर पोर्ट बास्केटबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी की। यह टूर्नामेंट कोलकाता के ईस्टर्न रेलवे स्पोर्ट्स अकादमी कॉम्प्लेक्स में आरंभ हुआ। जिसमें चेन्नई पत्तन प्राधिकरण, पारादीप पत्तन प्राधिकरण, विशाखापटनम पत्तन प्राधिकरण, वी.ओ. चिदम्बरनार पत्तन प्राधिकरण, न्यू मंगलौर पत्तन प्राधिकरण, मुरमुगाओ पत्तन प्राधिकरणऔर मेजबान टीम श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट कोलकाता की शीर्ष टीमों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का उद्घाटन श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट कोलकाता के अध्यक्ष रथेंद्र रमण ने किया। उद्घाटन समारोह के दौरान उन्होंने खेल गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया, खासकर टीम निर्माण और तनाव कम करने में खेलों की भूमिका पर। श्री रमण ने यह भी कहा कि खेलों में भाग लेने से पेशेवर कार्य क्षेत्रों में भी अच्छा प्रदर्शन होता है। उन्होंने सभी प्रतिभागी टीमों को बधाई दी और खेल की सच्ची भावना के साथ खेलने की सलाह दी।



एसएमपीके के अध्यक्ष ने एमपीएससीबी (मेजर पोर्ट स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड) के ध्वज को फहराया। उद्घाटन मैच में श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट कोलकाता (एसएमपीके) और न्यू मंगलौर पत्तन प्राधिकरण (एनएमपीए) के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें एसएमपीके ने एनएमपीए को 38-18 के प्रभावी स्कोर से हराया। आगामी मैचों में पारादीप पत्तन प्राधिकरण बनाम विशाखापट्टनम पत्तन प्राधिकरण, एसएमपी कोलकाता बनाम वी.ओ. चिदंबरनार पत्तन प्राधिकरण और वी.ओ. चिदंबरनार पत्तन प्राधिकरण बनाम चेन्नई पत्तन प्राधिकरण के मुकाबले शामिल हैं। ये मुकाबले खिलाड़ियों के कौशल, समर्पण और टीम वर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे, जो खिलाड़ियों के बीच मित्रता और स्वस्थ प्रतियोगिता को बढ़ावा देंगे।

# तृणमूल कांग्रेस ने ज्ञानेश कुमार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त करने पर केंद्र की आलोचना की

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** ज्ञानेश कुमार को नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के रूप में नियुक्त करने को लेकर केंद्र की आलोचना करते हुए तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भारत का नया सीईसी बताया और कहा कि भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को भाजपा की एक शाखा में बदलने का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया जाएगा। केंद्र सरकार ने सोमवार देर रात कुमार को नया मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया। यह नियुक्ति प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति की बैठक के कुछ ही घंटों बाद की गई। इसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार से बैठक स्थगित करने को कहा, क्योंकि मामला उच्चतम न्यायालय में लंबित है। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब उच्चतम न्यायालय 19 फरवरी को 2023 के कानून के तहत सीईसी और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों के खिलाफ याचिकाओं पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करने वाला है। विपक्षी दलों द्वारा 2023 के कानून का विरोध किया जा रहा है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में गोखले ने सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा, भारत के नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनने पर अमित शाह को बधाई। राष्ट्र को विश्वास है कि आपके सक्षम नेतृत्व में ईसीआई को भाजपा की एक शाखा में बदलने का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया जाएगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि नियुक्ति के बावजूद भाजपा पश्चिम बंगाल में सफल नहीं होगी।

# श्री श्याम 'एक' मंडल का भजन-कीर्तन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न




**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री श्याम 'एक' मंडल (तीन बाणधारी) द्वारा आयोजित भजन-कीर्तन कार्यक्रम बीका रिदम बैंक्वेट हॉल में सफलता-पूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, रामचंद्र जायसवाल, अक्षय कुमार जायसवाल, गणेश जायसवाल, जयप्रकाश जायसवाल, मयूर जायसवाल, दिनेश जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, काली प्रसाद (फोटोग्राफर), गौतम जायसवाल, कृष्णा जायसवाल, रोबिन साव और काली प्रसाद दुबेला समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# 'कालीघाट के काकू' को मिली बड़ी राहत, सीबीआई मामले में मिली अंतरिम जमानत

**कोलकाता, समाज्ञा :** 'कालीघाट के काकू' सुजयकृष्ण भद्र को कलकत्ता हाई कोर्ट से मंगलवार को सशर्त अंतरिम जमानत मिल गई है। यह फैसला उनकी बिगड़ी हुई सेहत को ध्यान में रखते हुए लिया गया, जिससे उन्हें जेल से जल्द रिहाई मिल सकती है। हालांकि, जमानत के साथ कई शर्तें भी लागू की गई हैं। हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और अपूर्व सिन्हा राय की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि सुजयकृष्ण भद्र की शारीरिक स्थिति गंभीर है और इस कारण उन्हें जमानत दी जा रही है। अदालत के आदेश के अनुसार, वह केवल अपने घर और अस्प-ताल तक ही सीमित रह सकेंगे, और उन्हें अन्य किसी स्थान पर



जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा, उनके घर पर केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात रहेगा। अदालत ने यह भी शर्त रखी कि भद्र को अपने दो मोबाइल नंबर सीबीआई को सौंपने होंगे। अगर उनकी सेहत बिगड़ती है, तो ऑपरेशन कराने की अनुमति भी दी गई है।

इस जमानत का समय फिलहाल मार्च के अंत तक के लिए तय किया गया है। सुजयकृष्ण भद्र को पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जमानत मिल चुकी थी, लेकिन सीबीआई ने उन्हें 'शोन अरेस्ट' के तहत गिरफ्तार कर लिया था। उनका स्वास्थ्य बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सीबीआई ने उनके खिलाफ नए कानूनी कदम उठाए हैं, जिनकी जांच जारी है। सुजयकृष्ण भद्र की आवाज के नमूने भी जुटाए गए हैं, जिनका विश्लेषण किया जा रहा है। इस बीच, भद्र ने अपनी बिगड़ी हुई सेहत का हवाला देते हुए अदालत में जमानत याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट ने सीबीआई से भद्र की मेडिकल रिपोर्ट की मांग की, और सभी पहलुओं पर विचार करते हुए शर्तों के साथ जमानत को मंजूरी दे दी।

## घर में लगी आग में झुलस कर गृह स्वामी की मौत

**कोलकाता :** कोलकाता के साल्टलेक इलाके में सोमवार रात भीषण आग लगने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के वक्त पीड़ित ने अपनी पत्नी और बेटी को बचा लिया, लेकिन खुद आग की चपेट में आकर बाहर नहीं निकल सके। इस हादसे के बाद इलाके में शोक की लहर है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना साल्टलेक के डीए ब्लॉक में स्थित एक तीन मंजिला मकान की है, जहां सोमवार रात करीब 10 बजे अचानक आग लग गई। इस आग में घर के मुख्य सदस्य देवर्षि गंगोपाध्याय (47) की झुलसकर मौत हो गई। वह रेलवे में ठेकेदारी का काम करते थे। हादसे के समय वह घर की तीसरी मंजिल पर अकेले थे, जबकि उनकी पत्नी निवेदिता गंगोपाध्याय और छह साल की बेटी दूसरी मंजिल पर मौजूद थीं। घर की पहली मंजिल पर एक टायर की दुकान भी थी। प्राथमिक जांच में दमकल विभाग ने अनुमान लगाया है कि आग की शुरुआत तीसरी मंजिल से हुई, जहां फॉल्स सीलिंग का काम चल रहा था। माना जा रहा है कि ज्वलनशील पदार्थों के कारण आग तेजी से फैली। दमकल अधिकारियों का यह भी शक है कि जलती हुई सिगरेट से आग लगी हो सकती है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा, फोरेंसिक टीम भी मौके से नमूने इकट्ठा करेगी ताकि आग लगने के सही कारणों का पता लगाया जा सके। घटना की गंभीरता को देखते हुए पश्चिम बंगाल के दमकल मंत्री सुजीत बोस भी देर रात मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और भरोसा दिलाया कि इस हादसे की गहराई से जांच की जाएगी। उन्होंने कहा, यह बहुत ही दुखद घटना है। देवर्षि गंगोपाध्याय के साले जयंत चटर्जी ने बताया कि जब आग लगी, तो परिवार और पड़ोसियों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कोई तीसरी मंजिल तक नहीं पहुंच सका। दमकल कर्मियों ने भी उन्हें बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### अयोध्या में राम मंदिर मार्ग के ऊपर उड़ रहे ड्रोन को पकड़ा गया, पुलिस ने बताई गहरी साजिश

**अयोध्या (भाषा) :** अयोध्या में मंगलवार को ड्रोन रोधी प्रणाली के परीक्षण के दौरान पुलिस ने राम मंदिर मार्ग पर संदिग्ध हालत में उड़ रहे एक ड्रोन को पकड़ लिया। पुलिस का दावा है कि यह ड्रोन भीड़ में भगदड़ मचाने की एक गहरी साजिश का हिस्सा है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ड्रोन रोधी प्रणाली के परीक्षण के दौरान राम मंदिर मार्ग के ऊपर मंडरा रहे एक संदिग्ध ड्रोन को देखा गया जिसके बाद सुरक्षा बलों ने उसे पकड़ लिया। उनके मुताबिक, राम मंदिर के ऊपर और उसके आसपास ड्रोन उड़ाना सख्त मना है। उन्होंने कहा कि बम निरोधक दस्ते ने ड्रोन कैमरे की गहन जांच करने के बाद पुष्टि की कि सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है। हालांकि पुलिस द्वारा इस सिलसिले में राम जन्मभूमि थाने में दर्ज प्राथमिकी में दावा किया गया है कि वह ड्रोन भीड़ के बीच गिराने के लिए उड़ाया जा रहा था ताकि राम मंदिर में और मंदिर के बाहरी इलाकों में भगदड़ मचाई जा सके और बड़ी संख्या में लोग मारे जाएं।

### महाकुंभ से लौट रहे परिवार की कार ट्रक से टकराई, दंपत्ति समेत पांच की मौत

**जयपुर :** राजस्थान के दौसा जिले में एक कार के ट्रक से टकरा जाने से एक दंपत्ति समेत पांच लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि कार में सवार लोग महाकुंभ से लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार यह हादसा मंगलवार को दौसा बाईपास पर हुआ। कार में छह लोग सवार थे, जिनमें से पांच की मौत हो गई। दौसा के पुलिस उपाधीक्षक रविप्रकाश शर्मा ने बताया कि कार में सवार लोग टोंक जिले के देवली के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि कार में फंसे शवों को निकालने में करीब एक घंटे का समय लगा। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान मुकुट बिहारी, उनकी पत्नी गुड्डी देवी, निधि सोनी, राकेश और नफीस के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि कार में सवार दीपेश परवानी, ट्रक चालक धर्मवीर तथा उसके खलासी रामचरण घायल हो गये।

# यूपी विधानसभा में छिड़ी उर्दू और अंग्रेजी पर करारी बहस

## सीएम योगी ने कहा- क्या देश देश को कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहते हैं...

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधानसभा में आज यूपी की स्थानीय बोली को लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच जबरदस्त बहस देखने को मिली। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने फ्लोर लैंग्वेज में अंग्रेजी की जगह उर्दू भाषा करने की मांग की और अंग्रेजी को जबरदस्ती थोपने का आरोप लगाया। जिस पर सीएम योगी भड़क गए। उन्होंने सदन में सपा पर ज़ोरदार वार किया और इसे सपा का दोहरा चरित्र बताया। उन्होंने कहा कि विपक्ष हर अच्छे काम का विरोध करता है। ये अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम में पढ़ाते हैं और दूसरे के बच्चों के लिए उर्दू की वकालत करते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी भोजपुरी, बुंदेलखंडी और अवधी का विरोध क्यों कर रही है। यहीं सपा का ढोंग हैं। सपा के लोग दोहरे चरित्र वाले हैं। यह बड़ी विचित्र बात है समाजवादी पार्टी वाले उर्दू की वकालत कर रहे हैं। समाजवादियों का चरित्र इतना दोहरा हो चुका है कि यह अपने बच्चों को तो इंग्लिश मीडियम स्कूलों में भेजेंगे लेकिन आपके बच्चों को पढ़ाना नहीं चाहते। आपके बच्चे उर्दू पढ़ें ये उनको मौलवी बनाना चाहते हैं। सपा के नेता क्या देश को कठमुल्लापन की और ले जाना चाहते हैं यह नहीं चलने वाला है।

**विधानसभा में बरसे सीएम योगी**

सीएम योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी हर अच्छे कार्य का विरोध करती है यह इनका चरित्र और ढोंग है। ये लोग उर्दू की वकालत करते हैं लेकिन हिन्दी की लोकल भाषाओं का विरोध करते हैं। हर अच्छे काम का आप विरोध करेंगे।



यहीं आपका ढोंग है। इस प्रकार के विरोध की निंदा होनी चाहिए। उन्होंने कहा- 'जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूर्त देखि तीन तैसी' इसीलिए आपने कल अवधी भोजपुरी बुंदेली भाषा का विरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अभिनन्दन करते है कि इन बोलियों को सम्मान मिले, इसके लिये हमने अकादमियों का गठन किया, आज दुनिया मे भारत के प्रवासी जो मॉरीशस फिजी में रह रहे हैं यही अवधी भाषाई लोग हैं। यूपी की इन बोलियों को सदन की प्रोसिडिंग में होना चाहिए।

# महाकुंभ से साकार हो रही 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

### उत्तर प्रदेश में आठ वर्षों में 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को लागू किया

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को कहा कि बीते आठ वर्षों में प्रदेश में लगभग 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आये जिसमें से 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों को लागू किया जा चुका है। राज्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार को करीब आठ वर्ष बीत चुके हैं। योगी ने मार्च 2017 में पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और 2022 में दोबारा पद पर काबिज हुए।



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को विधानमंडल (विधानसभा और विधान परिषद) के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए कहा कि महाकुंभ जहां एक ओर अनेकता में एकता को दर्शाता है, वहीं दूसरी ओर समता और समरसता का संदेश भी दे रहा है, जिससे ''एक भारत, श्रेष्ठ भारत'' की अवधारणा साकार हो रही है। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन मंगलवार को विधानसभा में दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा, ''मेरी सरकार को इस वर्ष दिव्य एवं भव्य महाकुंभ के आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। महाकुंभ-2025 में स्वच्छता, सुरक्षा तथा सुव्यवस्था के नये मानक गढ़े हैं। महाकुंभ में आस्था एवं आधुनिकता का अदभुत संगम देखने को मिल रहा है।'' समाजवादी पार्टी के सदस्यों के विरोध और नारेबाजी के बीच राज्यपाल ने अपना 40 पृष्ठों का अभिभाषण मात्र आठ मिनट 35 सेकंड में समाप्त कर दिया। सपा के सदस्य हाथों में तख्तियां लिए विधानसभा अध्यक्ष के आसन के सामने आ गए और नारेबाजी करने लगे। तख्तियों पर सरकार विरोधी नारे नारे लिखे थे। राज्यपाल ने अभिभाषण मे कहा, ''यह आयोजन जहां एक ओर अनेकता में एकता को दर्शाता है, वहीं दूसरी ओर समता व समरसता का संदेश भी दे रहा है, जिससे एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अवधारणा साकार हो रही है। अब तक 53 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।''

## अमित शाह की पत्नी ने किये विंध्याचल मंदिर में दर्शन

**मिर्जापुर (उप्र) :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पत्नी सोनल शाह ने मंगलवार को प्रसिद्ध विंध्याचल मंदिर में दर्शन किये। अधिकारियों ने बताया कि सोनल काशी से विंध्याचल पहुंचीं, जहां केंद्रीय राज्य मंत्री और मिर्जापुर की सांसद अनुप्रिया पटेल ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मिर्जापुर शहर के विधायक रत्नाकर मिश्रा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सोनल शाह जी पुरानी वीआईपी रोड से विंध्याचल मंदिर पहुंचीं और सीधे गर्भगृह गईं, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की। मिश्रा ने बताया कि वह पुजारी भी हैं और उन्होंने पूजा-अर्चना के दौरान मंत्रोच्चार कर सोनल की मदद की तथा अपने



रिश्तेदार के साथ पूजा-अर्चना के बाद वह वाराणसी के लिए रवाना हो गईं।

## महाकुंभ के अमृत स्नान के बाद भी होटलों, लग्जरी कॉटेज की हो रही बुकिंग

**महाकुंभ नगर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ ने शहर के पर्यटन और आतिथ्य उद्योग को काफी बढ़ावा दिया है। प्रदेश सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकार के मुताबिक, अमृत स्नान संपन्न होने के बाद भी, प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु आ रहे हैं तथा होटलों, लॉज और लक्जरी कॉटेज की मांग उच्च बनी रहती है। उत्तर प्रदेश सरकार के एक बयान के मुताबिक, मंगलवार को त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 55 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई। बारह साल बाद आयोजित हो रहा महाकुंभ 13 जनवरी को शुरू हुआ और 26 फरवरी तक जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को कहा कि होटलों में बुकिंग दर में तेजी से वृद्धि हुई है, विशेष रूप से मेला क्षेत्र में, जहां 26 फरवरी के बाद के लिए कमरों की अधिक मांग है। प्रयागराज होटल्स एंड रेस्तरां वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह का कहना है कि महाकुंभ में करोड़ों की संख्या में आने वाले तीर्थयात्रियों से प्रयागराज में होटल और रेस्तरां उद्योग के मुनाफे में पांच से 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, मौनी अमावस्या की घटना (भगदड़) के बाद लोगों ने बुकिंग निरस्त करानी शुरू कर दी थी। लेकिन छह-सात फरवरी से बुकिंग में तेजी आई और अब हालत यह है कि 27 फरवरी तक होटलों की बुकिंग लगभग फुल है।

### राजस्थान में 41 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का मादक पदार्थ जब्त, तीन गिरफ्तार

**जयपुर :** राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने एक ट्रक से 41.50 करोड़ रुपये कीमत का ब्राउन शुगर नामक मादक जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने ट्रक के डीजल टैंक में 20.820 किलोग्राम ब्राउन शुगर को छुपा कर रखा हुआ था। ब्राउन शुगर हेरोइन का एक प्रकार होता है। प्रतापगढ़ जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी लडडु उर्फ घनश्याम बैरागी (34), पुष्कर लाल मीणा (34) और पुष्कर लाल तेली (48) को मुखबिर की सूचना पर थाने के सामने नाकाबंदी के दौरान सोमवार को गिरफ्तार किया गया।

### विवाहिता की गला दबाकर हत्या, पांच साल की बेटी ने स्केच बनाकर बताया

**झांसी (उप्र) :** झांसी कोतवाली क्षेत्र की शिव परिवार कॉलोनी में एक विवाहित महिला की गला दबाकर कथित तौर पर हत्या कर दी गई। सोमवार को हुई इस घटना के बाद ससुराल वालों ने महिला के माता-पिता को बताया कि उनकी बेटी ने आत्महत्या की है। लेकिन, महिला की पांच साल की बेटी कागज पर स्केच बना कर बताया कि उसके पापा ने उसकी मां को गला दबाकर मारा है। घटना के संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक, नगर, ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार शाम शहर कोतवाली क्षेत्र के पंचवटी कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद मायके पक्ष ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए हंगामा किया। उन्होंने बताया कि मृतक युवती के परिजनों ने कहा कि जब तक ससुराल वालों की गिरफ्तारी नहीं होगी, वह पोस्टमार्टम नहीं करने देंगे। इसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा, मुकदमा दर्ज किया तथा मुख्य आरोपी मृतका के पति संदीप को गिरफ्तार कर लिया। मृतका सोनाली के पिता संजीव त्रिपाठी मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ के लिधौरा में रहते हैं।

## पटना के भीड़भाड़ वाले इलाके में पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी, चार लोग हिरासत में लिए गए

**पटना :** पटना शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके में मंगलवार को एक इमारत के अंदर छिपे हमलावरों ने पुलिस दल पर गोलीबारी की, हालांकि इस हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अवकाश कुमार ने बताया कि चार हमलावरों को पकड़ लिया गया है, जबकि फरार हुए कुछ अन्य व्यक्तियों की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया, घटना शहर के राम लखन पथ इलाके में हुई। पुलिस दल धर्मेंद्र कुमार के घर गया था, जिन्होंने संपत्ति विवाद के सिलसिले में रामकृष्ण नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। एसएसपी ने संवाददाताओं से कहा, हालांकि हमारी ओर से एक भी गोली नहीं चलाई गई, लेकिन दूसरी ओर से कम से कम चार बार गोली चलाई गई। गोलीबारी की



सूचना मिलने के बाद विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के कर्मियों समेत अतिरिक्त कर्मी को घटनास्थल भेजा गया। कुमार ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान उनसे पूछताछ के बाद हो पाएगी। उन्होंने कहा, मामले की जांच के बाद और जानकारी साझा की जाएगी।

## दो ट्रेन में बम होने की सूचना से सनसनी, तलाशी के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला

**बलिया, (उप्र) :** गोरखपुर और बलिया से प्रयागराज होकर मुंबई तक जाने वाली दो एक्सप्रेस ट्रेन में बम होने की सूचना के बाद अफरातफरी मच गई और दोनों ट्रेन को रुकवा कर उनकी सघन तलाशी ली गयी। हालांकि जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के मीडिया प्रभारी श्याम बाबू ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि राजकीय रेलवे पुलिस प्रयागराज को सोशल मीडिया के माध्यम से मंगलवार सुबह साढ़े दस



बजे सूचना प्राप्त हुई कि बलिया से मुंबई जाने वाली कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन और गोरखपुर से मुंबई जाने वाली दादर एक्सप्रेस ट्रेन में बम है। उन्होंने बताया कि इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन को बलिया रेलवे स्टेशन और दादर एक्सप्रेस ट्रेन को औड़िहार रेलवे स्टेशन पर रोककर ट्रेन की सघन तलाशी ली गयी। हालांकि इस दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। राजकीय रेलवे पुलिस के गोरखपुर स्थित नियंत्रण कक्ष के अनुसार, दोनों रेल गाड़ियों को सघन जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं होने के बाद उनके गंतव्यों के लिए रवाना कर दिया गया। निरीक्षण अभियान की वजह से दोनों रेलगाड़ियां लगभग तीन घंटे के विलंब से रवाना हुईं।

# समाज्ञा मनोरंजन

## अपना-अपना काम



ठंड का मौसम आया। बड़ी कड़ाके की ठंड पड़ रही थी। दांतों को कट-कटाने वाली इस ठंड से ढोलकपुर जंगल में सब परेशान थे। और इस ठंड को देखते हुए मोंटी बंदर, चम्पा लोमड़ी और गज्जू हाथी तीनों एक साथ मिल कर एक घर में रहने को तैयार होते है। साथ ही ये फैसला भी करते है कि खाना चम्पा लोमड़ी बनाएगी, गज्जू हाथी घर का बाकी काम करेगा और मोंटी बंदर बाहर से खाने का समान, पानी वगैरा लेकर आएगा। अब जैसा उन तीनों के बीच तय हुआ उसी के हिसाब से सब मिल कर काम करने लगे और खुशी-खुशी साथ रह कर ठंड का मज़ा उठाने लगे। समय से पहले गज्जू हाथी घर का पूरा काम खत्म कर देता, मोंटी बंदर शाम होने से पहले ही खाने-पीने का समान बाजार से ले आता और चम्पा लोमड़ी बहुत प्यार से स्वादिष्ट खाना बनाकर सबके लिए पहले से तैयार कर के रखती। तो इस तरह से तीनों दोस्त आपस में मिल-जुल कर हंसी-खुशी रहने लगे। लेकिन इधर इन तीनों को इतने अच्छे से ठंड बिताते हुए देख कर बलैकी कौए को बहुत खराब लग रहा था। वो अपने मन में सोच रहा था कि एक वो है जो इतनी ठंड में बिल्कुल अकेला है। उसके पास खाने को भी कुछ नहीं है। और दूसरी तरफ ये तीनों है। कितना मज़ा कर रहे। तभी ब्लैकी कौआ सोचता है कि क्यों ना इन तीनों को अलग कर दिया जाए। तभी ब्लैकी कौए को मोंटी बंदर आते हुए दिखाई देता है।

वो मोंटी बंदर से कहता है, अरे मोंटी बंदर इतनी ठंड में तुम कहा समान लेने जा रहे हो। चम्पा लोमड़ी और गजजु हाथी को देखो। वो दोनों तो बाहर नहीं निकलते। तुमको उन लोगों ने नौकर समझ लिया है। क्या तुम उनके नौकर हो। ब्लैकी कौए कि बात सुन कर मोंटी बंदर को बहुत गुस्सा आता है और वो सीधे चम्पा लोमड़ी के पास जाता है और उससे कहता है कि अब से वो बाहर जाने का काम नहीं करेगा। वो इस घर का नौकर नहीं है। चम्पा लोमड़ी उसे समझाती है कि यहाँ सब एक बराबर हैं। फिर भी जब मोंटी बंदर उसकी बात नहीं मानता तो चम्पा लोमड़ी उसे अब घर में खाना बनाने का काम और खुद बाहर जाकर सामान लेने निकलती है। फिर जैसे ही मोंटी बंदर सब्जी काटता है उसकी चाकू से उंगली कट जाती। किसी तरह से खुद को संभालते हुए खाना गैस पर रखता है तभी उसका हाथ जल जाता है।

मोंटी बंदर के साथ ये सब होने पर वो जोर-जोर से रोने लगता है। जिसे सुन गज्जू हाथी और चम्पा लोमड़ी पहुंचते है और देखते ही सारा समान इधर-उधर फैला हुआ है और मोंटी बंदर अपना हाथ पकड़ कर रो रहा। फिर चम्पा लोमड़ी उसके पास जाती है और उससे कहती है मोंटी बंदर घर का काम करने में कोई नौकर नहीं हो जाता। जो जिसको आता है उसे वो काम अच्छे से करना चाहिए। चम्पा लोमड़ी कि बात सुन कर मोंटी बंदर कहता है हाँ चम्पा लोमड़ी मुझे माफ कर दो। मैं ब्लैकी कौए कि बातों में आ गया था। फिर चम्पा लोमड़ी झट से बढ़िया-बढ़ियाँ स्वादिष्ट खाना बनाती है जिसे मिल कर सब खाते है।

**मोरल- घर का काम करने में,एक दूसरे की हेल्प करने में हमें कभी यह नहीं सोचना चाहिए कि ये काम मेरा नहीं है, या मैं नौकर थोड़े न हूँ जो मैं ये काम करूँ। हमें हमेशा मिलजुलकर एक दूसरे की हेल्प करते हुए हंसी-खुशी रहना चाहिए।**

## चन्दन का पेड़

एक जंगल में बहुत से चन्दन के पेड़ थे। उन्हीं में ऐस एक पेड़ पर एक अजगर रहता था।अजगर को चन्दन के पेड़ की महक बहुत पसंद थी। एक दिन अजगर पेड़ से लिपट कर सो रहा था। उसी पेड़ के उपर की टहनी पर एक चिड़िया ने अपना घोंसला बना रखा था। चिड़िया के दो छोटे बच्चे थे। चिड़िया अपने बच्चों को खाना खिला रही थी। तभी उसके बच्चों के चहचहाने की आवाज से अजगर की आंख खुल गई। उसने चिड़िया से कहा - 'अरे चुप करा इन बच्चों को, चैन से सोने भी नहीं देते।' चिड़िया बोली - 'अजगर भाई सोने के लिये तो रात बनाई गई है। दिन में सोने से अच्छा है, आप जाकर कोई काम करो।' यह सुनकर अजगर कहने लगा - ''तूने कभी अजगर को काम करते देखा है। हम तो ऐसे ही पड़े रहते हैं। कोई शिकार फस गया तो उससे हमारे दस दिन का भोजन हो जाता है।' यह सुनकर चिड़िया को थोड़ा सा डर लगा - ''भाई तुम कहीं मुझे और मेरे बच्चों को खाने की तो नहीं सोच रहे हो?' अजगर यह सुनकर हसने लगा उसने कहा - 'अरे तुम्हें खाने से मेरा क्या पेट भरेगा। वैसे भी मैं इतने छोटे जानवर का शिकार नहीं करता।' धीरे धीरे समय बीत रहा था। कई दिनों से अजगर को कोई शिकार नहीं मिला।

अजगर बहुत भूखा था। इधर चिड़िया हर दिन अपने बच्चों के लिये दाना चुगने जाती और लाकर अपने बच्चों को खिलाती। उसके बच्चे बहुत खुश होते थे। एक दिन जब चिड़िया दाना लेने जा रही थी। तभी अजगर ने सोचा आज क्यों न इसके दोंनो बच्चों को खा जाउं। इससे एक तो मेरा कुछ पेट भर जायेगा। दूसरे ये दोंनो सारा दिन शोर मचाते रहते हैं। मैं उससे भी बच जाउंगा।

अजगर धीरे धीरे पेड़ की उंची डाली की ओर बढ़ने लगा। उसे उन बच्चों पर तरस भी आ रहा था, लेकिन उसे भूख भी बहुत तेज लग रही थी। दोंनो बच्चों ने जब अजगर को अपनी ओर आते देखा तो वे सर्तक हो गये। अजगर जब सोता था। तब चिड़िया ने अपने दोंनो बच्चों को सिखा दिया था, कि यह आलसी अजगर कभी भोजन न मिलने पर तुम्हें खाने का प्रयास कर सकता है। इसलिये तुम दोंनो को उड़ना आना चाहिये। दोंनो बच्चों बस मौका ढूंढ रहे थे। अजगर जैसे उनकी और लपका। दोंनो बच्चे उड़ कर दूसरे पेड़ पर बैठ गये। सही पकड़ न होने के कारण अजगर नीचे गिर गया। उसे काफी चोट लगी थी। वह ढंग से हिल भी नहीं पा रहा था। वहीं पास ही में चिड़िया का घोंसला गिर कर बिखर गया था। कुछ देर में चिड़िया दाना लेकर आई। उसने घोंसला टूटा हुआ देखा तो वह समझी उसके बच्चों को अजगर खा गया। घोंसला भी नीचे पड़ा है। अजगर बच्चों को खाकर आराम से सो रहा है। ऐसा सोच कर वह उसके उपर जाकर बैठ गई और पीठ में चोंच मारने लगी। अजगर बेहोश पड़ा था। तभी चिड़िया के बच्चों ने अपनी मां को देखा और वो जोर जोर से चिल्लाने लगे। उन्हें देख कर चिड़िया बहुत खुश हुई। वह उड़ कर उस डाल पर बैठ गई। लेकिन अब उनका घोंसला टूट चुका था। तभी अजगर को होश आ गया। वह अपने किये पर पछता रहा था। अजगर बोला - 'बहन मुझे माफ कर दो मैं कई दिन से भूखा था। जब भूख बर्दाशत नहीं हुई तो तुम्हारे बच्चों को खाने का विचार मन में आया। मुझे माफ कर दो और वापस इसी पेड़ पर आ जाओ।' चिड़िया ने कहा - 'नहीं अब मैं वहां नहीं आ सकती। अब मुझे तुम्हारा भरोसा नहीं है। कहीं फिर से तुम्हारा मन बदल गया तो क्या होगा। यह तो मेरे बच्चे जाग रहे थे, अगर रात में तुम इनके पास आते तो ये बेचारे सोते हुए ही तुम्हारा भोजन बन जाते।' अजगर ने बहुत कोशिश की लेकिन चिड़िया अब उसके झांसे में नहीं आई। उसने दूसरे उंचे पेड़ पर अपना घोंसला बना लिया। वह पेड़ नदी के दूसरे किनारे पर था जहां अजगर पहुंच नहीं सकता था। इधर अजगर कुछ ही दिन में भूख से मर गया।

## झूठ का कुआ

सुनैना जैसे ही अपने स्कूल की क्लास में पढ़ाने पहुंची उसने देखा क्लास खाली है। गांव का छोटा सा स्कूल था। लेकिन आज क्या हुआ बच्चे कहां गये। सुनैना बाहर आई वह गेट के पास गई। आस पास भी कोई बच्चा नहीं था। वह पीछे मैदान में गई वहां भी कोई बच्चा नहीं था। आखिर सब बच्चे कहां गये। यही सोचती हुई वह वापस जाने लगी।



अभी स्कूल के गेट से बाहर निकली ही थी, कि रामप्रसाद उस स्कूल का चपरासी मिल गया। वह उसे देखते ही चौंक गया -'अरे मेडम आप?' सुनैना ने कहा -'पहले यह बताओ कि सारे बच्चें कहां हैं और तुम स्कूल को खुला छोड़ कर कहां घूम रहे हो।' रामप्रसाद घबरा गया वह बोला - ''मेडम आपकी तबियत बहुत खराब थी। इसलिये मैं तो आपको देखने अस्पताल गया था।'सुनैना को अब और ज्याद गुस्सा आ गया वह बोली - 'किसने कहा तुमसे कि मेरी तबियत खराब है? मैं यहां बच्चों का इंतजार कर रही हूं।'रामप्रसाद बोला - 'मेडम वो वरुण ने कहा था। जब बच्चों ने सुना तो वे सब अपने अपने घर चले गये। मैं आपको देखने अस्पताल चला गया।' सुनैना बोली-'तुम्हें वरुण का घर पता है। चलो मेरे साथ।' दोंनो वरुण के घर पहुंच जाते हैं। वरुण घर के अंदर सो रहा था। वहां पहुंच कर सुनैना ने उसकी मां से बात की - 'देखिये आपको बच्चा हद से ज्याद झूठ बोलता है। वह भी ऐसे कि सब विश्वास कर लेते हैं। कभी कहता है मेरी मां मुझसे घर का काम करवाती है। कभी मेरे पापा मुझे मारते हैं। आज तो उसने हद कर दी मेरी बीमारी की खबर फैला कर स्कूल की छुट्टी करवा दी।' सुनीता जी ने कहा - 'हे भगवान मैंने तो कभी इससे घर का काम नहीं करवाया और इसके पिता तो इसे बहुत प्यार करते हैं। उन्हीं के लाड़ प्यार से ये बिगड़ गया है। आप रुकिये मैं अभी उसे लेकर आती हूं।' सुनीता वरुण को देखने घर के अंदर गईं, लेकिन यह क्या वह तो सारी बात सुनकर पिछले दरवाजे से भाग गया था। सुनीता जी ने आकर बताया कि वह भाग गया है, तो सुनैना ने कहा-'आप अपने पति के साथ उसे लेकर कल स्कूल आईये वहीं बात करेंगे।' अगले दिन दोंनो वरुण को साथ लेकर स्कूल पहुंच जाते हैं। सुनैना उनसे कहती है - 'देखिये हम इसे अपने स्कूल में नहीं रख सकते। मैं इसका नाम काट रही हूं। आप इसे कहीं और पढ़ा लीजिये।' भजनलाल जी ने हाथ जोड़ते हुए कहा - 'मेडम ऐसा मत कीजिये। यहां आस पास कोई भी स्कूल नहीं है। मैं आगे से इसकी गारंटी लेता हूं यह कभी झूठ नहीं बोलेगा।' सुनैना ने कहा-'ठीक है इस बार इसे एक मौका दे देती हूं। लेकिन अगर इसने फिर से कोई शरारत की तो मैं आपसे बात करे बगैर इसे स्कूल से निकल दूंगी।' भजनलाल, सुनीता और वरुण को लेकर घर आ जाते हैं और वरुण से कहते हैं - 'बेटा अगर आज के बाद तूने झूठ बोला तो तेरा मेरा रिश्ता खत्म समझ।' वरुण के उपर इन बातों का कोई असर नहीं होता वह अपने पिता की बातों पर ध्यान नहीं देता। अगले दिन से वह स्कूल जाने लगता है। कुछ दिन तक तो वह अपने आपको रोक कर रखता है। लेकिन उसे झूठ बोलने की आदत थी। लोगों को परेशान करने में उसे बहुत मजा आता था। एक दिन वह रात के समय छत पर लेटा था। आसमान बिल्कुल साफ था। तारे चमक रहे थे। वरुण कल क्या झूठ बोले। किसे बेवकूफ बनाये इसी बारे में सोच रहा था। तभी उसे एक ख्याल आया आसमान में एक तारा टूट रहा था। उसने मांगा कि उसका झूठ कभी पकड़ा न जाये वह सच हो जाये। सुबह उठते ही वह स्कूल जाने के लिये तैयार हो रहा था। रात की बात उसे याद नहीं थी। तैयार होकर वह स्कूल जाने लगा तो उसकी मां सुनीता ने कहा- 'बेटा नहा कर स्कूल जाना चाहिये था।' यह सुनकर वरुण बोला-'मां तुम्हें पता नहीं आज सुबह तुम्हारे उठने से पहले मैं कुएं पर गया था, लेकिन वहां कुआ सूख गया है। उसमें पानी नहीं है।' सुनीता परेशान हो गई- 'हे भगवान वह तो गांव में अकेला कुआं है। गांव वाले तो प्यासे मर जायेंगे।' वरुण अपनी हसी छुपाता हुआ स्कूल की ओर चल दिया। रास्ते में उसने देखा कुएं के पास भीड़ लगी थी। वरुण ने उधर नहीं देखा और सीधा स्कूल पहुंच गया। कुछ देर पढ़ाई करने के बाद वरुण को प्यास लगी वह स्कूल में रखे चार मटकों में से पानी पीने गया। लेकिन वे खाली थे। वरुण बोला- 'रामप्रसाद जी ये मटके खाली क्यों हैं। मुझे प्यास लग रही है। तब रामप्रसाद ने कहा - ''पता नहीं किसकी नजर लग गई गांव को गांव का कुआ सूख गया है।' यह सुनकर वरुण के हाथ पैर फूल गये। वह दौड़ कर कुएं पर पहुंचा। कुआ सूखा पड़ा था। गांव के लोग उसके आस पास खड़े थे। वरुण को भी प्यास लग रही थी। तभी उसे याद आया कि उसने टूटते तारे को देख कर झूठ को सच बनाने की बात कही थी। वो सच हो गई। वरुण रोता हुआ घर पहुंचा उसने अपनी मां सुनीता को सारी बात बताई। सुनीता ने यह सुनकर कहा - 'मूर्ख तूने अपने साथ साथ पूरे गांव के लिये संकट खड़ा कर दिया अब गांव के लोग उनके बच्चे सब प्यासे मर जायेंगे। पानी का दूसरा कुआ यहां से कई किलोमीटर दूर है।' वरुण ने कहा मां मैं एक और झूठ बोल देता हूं। क्या पता इससे पानी आ जाये। उसने कहा - 'कुए में तो बहुत पानी है।'

यह कहकर सुनीता को लेकर वह कुए पर पहुंचा। लेकिन वह अभी भी सूखा था। सुनीता ने कहा - 'तेरे एक ही बार झूठ को सच करने के लिये वह तारा टूटा था अब वह काम नहीं करेगा।' वरुण रोने लगा। पूरे गांव में यह बात फैल गई। सभी वरुण और उसके माता पिता को कोसने लगे।

वरुण के माता पिता बहुत परेशान हो गये। रात होने लगी थी। वरुण और उसके माता पिता वहीं कुए के पास बैठे थे। उसके पिता को बहुत प्यास लग रही थी। वे तड़पने लगे। वरुण रोने लगा - 'भगवान मेरे झूठ को झूठ बना दो मैं अब कभी झूठ नहीं बोलूंगा। मेरे पिता को बचा लो।' तभी एक और तारा टूट गया। वरुण ने देखा कुए में से आवाज आ रही थी। उसने देखा उसमें पानी भर रहा था। वह पानी उपर तक आ गया था। वरुण ने पानी निकाला और अपने पिता को दिया। उसके बाद वरुण ने कहा- 'मैं कसम खाता हूं आज के बाद कभी झूठ नहीं बोलूंगा।' वरुण के माता पिता सभी गांव वालों को बुला लाये। पूरा गांव बहुत खुश हुआ। वरुण की झूठ बोलने की आदत छूट गई थी।

# अप्रैल तक नए कानूनों का पूर्ण कार्यान्वयन सुनिश्चित करे जम्मू-कश्मीर प्रशासन: शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन को अप्रैल तक केंद्र शासित प्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों का पूर्ण कार्यान्वयन सुनिश्चित करना चाहिए। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की उपस्थिति में जम्मू-कश्मीर में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए, शाह ने यह भी कहा कि आतंकवादी गतिविधियों में कमी और केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा परिदृश्य में सुधार के साथ, पुलिस को अब अपने लोगों के अधिकारों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि बैठक में चर्चा के दौरान गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन से अप्रैल 2025 तक तीन नए आपराधिक कानूनों का पूर्ण कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। शाह ने कहा कि नए कानूनों के पूर्ण कार्यान्वयन के लिए पुलिस कर्मियों और प्रशासन के रवैये में बदलाव होना और लोगों के बीच नए कानूनों के बारे में जागरूकता पैदा करना जरूरी है। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने क्रमशः औपनिवेशिक युग की भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लिया। ये कानून पिछले साल एक जुलाई को प्रभावी हुए थे। गृह मंत्री ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों के तहत त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग किया जाना चाहिए। शाह ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में 'ट्रायल इन एब्सेंटिया' (आरोपी की अदालत में अनुपस्थिति के बिना आपराधिक मुकदमा चलाना) के प्रावधान का उपयोग करने की तत्काल आवश्यकता है।



## मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के लिए रामलीला मैदान में 5,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात होंगे

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के दिन रामलीला मैदान और उसके आसपास 5,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने आगे बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा दिन के दौरान यातायात प्रबंधन के लिए अर्धसैनिक बलों की 10 से अधिक कंपनियां भी तैनात की जाएंगी। दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री अपने मंत्रिपरिषद के साथ 20 फरवरी को रामलीला मैदान में शपथ लेंगे। यह समारोह शाम करीब 4:30 बजे होने की उम्मीद है और इसमें भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित भाजपा के शीर्ष नेताओं के शामिल होने की संभावना है। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया, अन्य आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों के साथ 5,000 से अधिक पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

# ज्ञानेश कुमार 26वें सीईसी के तौर पर आज लेंगे शपथ

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के तौर पर जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाने और राम मंदिर ट्रस्ट के गठन संबंधी सरकार के कदमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ज्ञानेश कुमार बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) का पदभार ग्रहण करेंगे। कुमार जनवरी 2024 में सहकारिता मंत्रालय में सचिव के रूप में सेवानिवृत्त हुए थे और मार्च 2024 में उन्हें निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया। राजीव कुमार के मंगलवार शाम को सेवानिवृत्त होने के एक दिन बाद वह 26वें सीईसी के रूप में शपथ लेंगे। कुमार को सुखबीर सिंह संधू के साथ एक ही दिन निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया था। दोनों ही 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान आयोग का हिस्सा थे। कुमार, निर्वाचन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के लिए बने नए कानून के तहत इस पद पर नियुक्त होने वाले पहले सीईसी हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक रहेगा। इसके कुछ दिन पहले निर्वाचन आयोग द्वारा अगले लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा किए जाने की संभावना है। कानून के मुताबिक सीईसी और निर्वाचन आयुक्तों को 65 साल की उम्र होने या आयोग में छह साल की सेवा पूरी करने में से, जो भी पहले हो, सेवानिवृत्त होना पड़ता है। ज्ञानेश कुमार 27 जनवरी, 2029 को 65 साल के हो जाएंगे। सीईसी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, कुमार इस साल के अंत में बिहार विधानसभा चुनावों और 2026 में केरल और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों की देखरेख करेंगे। इसी तरह, वह तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों की देखरेख करेंगे, जो 2026 में होने वाले हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### विजय देवरकोंडा महाकुंभ मेले में पहुंचे, त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई

**नयी दिल्ली :** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा महाकुंभ मेले में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रशंसकों के साथ अपना आध्यात्मिक अनुभव साझा किया। 'अर्जुन रेड्डी' फेम अभिनेता ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाते नजर आ रहे हैं। देवरकोंडा की मां ने भी त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। देवरकोंडा ने लिखा, ''2025 का कुंभमेला-हमारे पौराणिक मूल्यों और जड़ों से जुड़ने, उन्हें सम्मान देने का सफर। प्यारी मां के साथ प्रार्थना कर रहा हूं। इस प्यारे समूह के साथ काशी की यात्रा कर रहा हूं।''

### जम्मू कश्मीर में सीआरपीएफ जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में मंगलवार को सीआरपीएफ के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जवान जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर टिकरी इलाके में तैनात 'सड़क खोलने वाले दल' का हिस्सा था, जब उसने खुद को गोली मार ली। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान महाराष्ट्र निवासी प्रवीण पाटिल के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि उसके इस कदम के पीछे का मकसद अभी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है।

### फरीदाबाद: नाबालिग बेटे ने पिता को जिंदा जलाया

**फरीदाबाद (हरियाणा) :** फरीदाबाद में पैसे चोरी करने और पढ़ाई न करने पर डांट लगाने से नाराज़ 14 वर्षीय लड़के ने अपने पिता को कथित रूप से जिंदा जलाकर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मृतक की पहचान 55 वर्षीय आलम अंसारी के रूप में हुई है। उनके अनुसार, घटना पल्ला थाना क्षेत्र में सोमवार रात करीब 1:30 बजे हुई। अधिकारी ने बताया कि अंसारी ने बेटे को पैसे चोरी करने और पढ़ाई न करने को लेकर डांटा था जिससे नाराज होकर नाबालिग लड़के ने अपने पिता को कमरे में बंद कर जिंदा जला दिया। उन्होंने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया।

### अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना ने यूनुस पर बांग्लादेश में आंतकवाद फैलाने का आरोप लगाया

**नयी दिल्ली :** अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस पर देश में ''अराजकता'' फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने देश के लोगों के खिलाफ ही ''आतंकवादियों को खुला छोड़ दिया है''। पांच अगस्त 2024 को छात्रों के विद्रोह के बाद हसीना की 16 साल पुरानी सरकार गिर गई और उन्हें बांग्लादेश छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। हसीना ने 2024 में जुलाई-अगस्त में सरकार के खिलाफ हिंसक विरोधी प्रदर्शनों के दौरान मारे गए पुलिस अधिकारियों की विधवाओं और बच्चों के साथ ऑनलाइन माध्यम से की गई बातचीत में कहा, ''उन्होंने (यूनुस) सभी जांच समितियों को भंग कर दिया और लोगों को मारने के लिए आतंकवादियों को छोड़ दिया। वे बांग्लादेश को तबाह कर रहे हैं।''

## वकीलों ने एकता कपूर से पद्मश्री सम्मान वापस लेने का राष्ट्रपति से आग्रह किया

**नयी दिल्ली :** वकीलों ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को पत्र लिखकर फिल्म व टीवी निर्माता एकता कपूर द्वारा ''अनुचित'' और ''अश्लील सामग्री'' का निर्माण किये जाने का दावा करते हुए उनसे पद्मश्री सम्मान वापस लेने का आग्रह किया है। देशभर के 108 वकीलों द्वारा लिखे गए पत्र में दावा किया गया है कि कपूर की 'वेब सीरीज' ने नैतिक मूल्यों को काफी नुकसान पहुंचाया है व भारतीय रिश्तों की पवित्रता को धूमिल करते हुए सांस्कृतिक परंपराओं का अनादर किया है। इसमें दावा किया गया है कि देश का चौथा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने अपने-अपने (कार्य) क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिया है और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। उन्होंने कहा कि कपूर को यह सम्मान देना ''अनजाने में ऐसी सामग्री के निर्माण की वैधता प्रदान करना और उसका समर्थन करता है जो न केवल नैतिक रूप से निंदनीय है बल्कि समाज के लिए भी हानिकारक है''।



## शिवाजी महाराज महान योद्धा और प्रशासक थे, सरकार उनके सिद्धांतों पर चलने को प्रतिबद्ध : फडणवीस

**ठाणे :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज न केवल एक महान योद्धा थे, बल्कि एक असाधारण प्रशासक भी थे, जिन्होंने शासन-प्रणाली में सुधार किया और जल प्रबंधन तथा कर-निर्धारण सहित अन्य चीजों में नीतियों को लागू किया। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी सरकार शिवाजी महाराज के सिद्धांतों का पालन करने और लोगों के हित के खातिर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। फडणवीस 17वीं सदी के महान योद्धा राजा की जयंती की पूर्व संध्या पर ठाणे जिले के बदलापुर में शिवाजी महाराज की प्रतिमा के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में राज्य के लोगों को उन्हें और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा अजीत पवार को राज्य की प्रगति के वास्ते एक और मौका देने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कई महिला समर्थकों द्वारा उनका अभिनंदन किए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ''जिसके पास माताओं, बहनों और महिलाओं का समर्थन है, उसे कौन हरा सकता है। पिछले (विधानसभा) चुनाव के नतीजे इसका प्रमाण हैं।'' उन्होंने कहा कि लोग आज जिस आजादी के साथ जी रहे हैं वह छत्रपति शिवाजी महाराज की देन है। उन्होंने कहा, ''जब कई शासक मुगलों के आगे झुक गए, तब शिवाजी महाराज ही थे जिन्होंने अपनी मां जीजाबाई की शिक्षाओं का पालन करते हुए स्वराज्य स्थापित करने और देव, देश और धर्म के लिए लड़ने का संकल्प लिया।''



# गुजरात में नगर निकाय चुनावों में भाजपा की शानदार जीत



**अहमदाबाद :** गुजरात में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को नगर निकाय चुनावों में सूपड़ा साफ कर दिया। जूनागढ़ महानगरपालिक (जेएमसी) के साथ-साथ 68 में से 60 नगर पालिकाओं और सभी तीन तालुका पंचायतों में जीत हासिल की जहां 16 फरवरी को मतदान हुआ था। भाजपा ने राज्य की कम से कम 15 नगरपालिकाओं की सत्ता कांग्रेस के हाथों से छीन ली। कांग्रेस ने सिर्फ एक नगरपालिका में जीत हासिल कर पाई, जबकि क्षेत्रीय दल समाजवादी पार्टी (सपा) ने दो नगरपालिकाओं में जीत दर्ज कर बेहतर प्रदर्शन किया। गुजरात सरकार ने 2023 में पंचायतों, नगर पालिकाओं और नगर निगमों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की थी जिसके बाद यह पहला चुनाव था। राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) द्वारा मतगणना के बाद साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार जेएमसी के 15 वार्डों की कुल 60 सीट में से 48 पर जीत हासिल कर भाजपा ने सत्ता बरकरार रखी, जबकि 11 कांग्रेस और एक निर्दलीय उम्मीदवार के खाते में गई।

## प्रधानमंत्री मोदी ने ऋषि सुनक से मुलाकात की, उन्हें 'भारत का सबसे अच्छा मित्र' बताया



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात की और उन्हें ''भारत का सबसे अच्छा मित्र'' बताया। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, ''ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनके परिवार से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमने कई मसलों पर सार्थक बातचीत की। सुनक भारत के बहुत अच्छे मित्र हैं तथा भारत-ब्रिटेन संबंधों को और भी मजबूत बनाने के लिए उत्सुक हैं।'' सुनक के साथ उनकी सास, लेखिका एवं राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति और परिवार के अन्य सदस्य भी थे।

## आरेडिका ने किया वेण्डर डेवलपमेंट प्रोग्राम सह एमएसएमई एक्सपो-2025 में प्रतिभाग

**रायबरेली :** सूक्ष्म एवं लघु उद्योगो को एक प्लेटफॉर्म प्रदान करने के उद्देश्य से एमएसएमई डीएफओ कानपुर में मंगलवार से बुधवार तक वेण्डर डेवलपमेंट प्रोग्राम सह एमएसएमई एक्सपो-2025 का आयोजन सूक्ष्म, लधु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिसमें आरेडिका की टीम ने डिप्टी सीएमएम संजय निगम के नेतृत्व में प्रतिभाग किया। एक्सपो में डिप्टी सीएमएम संजय निगम ने आरेडिका में कोचों के उत्पादन एवं वेण्डरों के रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की। 100 से अधिक वेण्डरों एवं दर्शकों ने आरेडिका के स्टॉल पर जानकारी प्राप्त की।इस एक्सपो-2025 में ओईएफसी कानपुर, हाल कानपुर, पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया, ओएफसी कानपुर आदि ने अपने उत्पादों की गुणवत्ता एवं सेवाओं का प्रदर्शन किया गया।




## राहुल ने सीईसी चयन को लेकर उठाए सवाल, प्रधानमंत्री पद की गरिमा के प्रतिकूल बताया

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) की नियुक्ति के बाद मंगलवार को आरोप लगाया कि ऐसे समय में यह निर्णय आधी रात को लेना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के लिए गरिमा के प्रतिकूल है, जब चयन समिति की संरचना और प्रक्रिया को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है और 48 घंटे से भी कम समय में सुनवाई होनी है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि सरकार का यह कदम वर्ष 2023 में आए उच्चतम न्यायालय के आदेश की मूल भावना का घोर उल्लंघन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार शाम को आयोजित चयन समिति की बैठक के बाद ज्ञानेश कुमार को भारत के नए सीईसी के रूप में नियुक्त किया गया। इस समिति में गृह मंत्री और राहुल गांधी भी शामिल हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने अपना असहमित नोट 'एक्स' पर साझा किया जिसमें उन्होंने पैरवी की थी कि न्यायालय की सुनवाई तक इस बैठक को टाला जाना चाहिए। यह बैठक सोमवार शाम संपन्न हुई और फिर देर रात कुमार के चयन की अधिसूचना जारी की गई।

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अगले मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन करने के लिए हुई समिति की बैठक के दौरान मैंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को एक असहमति नोट प्रस्तुत किया, जिसमें कहा गया था कि कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त एक स्वतंत्र चुनाव आयोग का सबसे बुनियादी पहलू चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनने की प्रक्रिया है।''

उन्होंने आरोप लगाया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करके और भारत के प्रधान न्यायाधीश को समिति से हटाकर, मोदी सरकार ने चुनावी प्रक्रिया की ईमानदारी को लेकर करोड़ों मतदाताओं की चिंताओं को बढ़ा दिया है।

## न्यूज अपडेट

### भारत-बांग्लादेश के सीमा सुरक्षा बलों के बीच वार्ता दिल्ली में शुरू हुई

**नयी दिल्ली :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के बीच महानिदेशक स्तर की वार्ता मंगलवार को दिल्ली में शुरू हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस वार्ता में बीएसएफ द्वारा बाड़ लगाने के काम में बाधा डालने और बांग्लादेशी शरारती तत्वों द्वारा बीएसएफ के कर्मियों और नागरिकों पर हमलों से संबंधित मुद्दों को बीजीबी के समक्ष उठाने की संभावना है। पिछले वर्ष अगस्त में शेख हसीना के बांग्लादेश की प्रधानमंत्री का पद छोड़ने के बाद दोनों सीमा सुरक्षा बलों के बीच यह पहली शीर्ष स्तरीय बैठक है। दोनों सुरक्षा बलों के बीच 55वां महानिदेशक स्तरीय सीमा समन्वय सम्मेलन यहां लोधी रोड स्थित बीएसएफ मुख्यालय में शुरू हुआ जहां बीजीबी के प्रमुख मेजर जनरल मोहम्मद अशरफज्जमां सिद्दीकी का स्वागत किया गया। बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल सोमवार को भारत पहुंचा और इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने उनका स्वागत किया। बीएसएफ ने पिछले सप्ताह एक बयान में कहा था कि सम्मेलन का आयोजन सीमा संबंधी मुद्दों पर चर्चा करने और सीमा सुरक्षा बलों के बीच समन्वय को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है। इन वार्ताओं का अंतिम संस्करण पिछले वर्ष मार्च में ढाका में आयोजित किया गया था।

### यातायात की स्थिति पर नजर रखें महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालु : मोहन यादव

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने महाकुंभ के लिए प्रयागराज की ओर जाने वाली सड़कें वाहनों से भरी होने के मद्देनजर मंगलवार को श्रद्धालुओं से घर से निकलने से पहले यातायात और भीड़ के बारे में जानकारी लेने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि उनकी सरकार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर रही है, लेकिन श्रद्धालुओं को यातायात की स्थिति के बारे में भी जानकारी रखनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने सलाह दी कि यदि सड़कों पर वाहनों की आवाजाही अधिक है तो यात्रा को कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दिया जाना चाहिए। यादव ने कहा कि श्रद्धालुओं को अपने साथ आवश्यक वस्तुएं भी ले जानी चाहिए, हालांकि सरकार रास्ते में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे जिलों, विशेषकर रीवांचल में महाकुंभ के तीर्थयात्रियों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रयागराज मध्यप्रदेश की सीमा से 45 किलोमीटर दूर है। महाराष्ट्र और दक्षिणी राज्यों से निजी वाहनों से महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु मध्यप्रदेश से होकर गुजरते हैं। पिछले एक सप्ताह से रेलवे स्टेशनों पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। रीवा रेंज के प्रभारी महानिरीक्षक साकेत प्रकाश पांडे ने बताया कि मंगलवार से यातायात कम हो गया है।

### नौसेना के पूर्व अधिकारी तिवारी का मामला कतर की अदालत में विचाराधीनः अधिकारी

**नयी दिल्ली :** कतर की एक अदालत में विचाराधीन मामले के कारण पूर्व भारतीय नौसेना अधिकारी पूर्णेंदु तिवारी की वापसी में देरी हो रही है, जिन्हें पिछले साल उनके सात साथियों के साथ मौत की सजा के आरोपों से मुक्त कर दिया गया था। पिछले साल कतर की अदालत ने भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों को रिहा कर दिया था, जिन्हें कुछ आरोपों को लेकर मौत की सजा सुनाई गई थी। उनमें से सात पिछले साल फरवरी में भारत लौट आए, जबकि तिवारी अभी कतर में ही हैं। विदेश मंत्रालय के सचिव अरुण कुमार चटर्जी ने तिवारी के मामले के बारे में पूछे जाने पर यहां संवाददाताओं से कहा, ''उनका मामला अभी कतर की एक स्थानीय अदालत में विचाराधीन है।'' सूत्रों ने कहा कि विचाराधीन मामला किसी अन्य मामले से संबंधित है और उस मामले से जुड़ा नहीं है जिसमें तिवारी को मौत की सजा सुनाई गई थी। हालांकि, यह मुद्दा मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हम्माद अल-सानी के बीच हुई वार्ता में नहीं उठा। कतर के अमीर भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। कतर की विभिन्न जेलों में लगभग 600 भारतीय नागरिक बंद हैं। 2024 में, लगभग 85 भारतीयों को क्षमादान दिया गया था। नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों की समस्या अगस्त 2022 में शुरू हुई, जब कतर के अधिकारियों ने उन्हें गिरफ्तार किया। कतर सरकार को रक्षा और सुरक्षा से संबंधित वस्तुओं की आपूर्ति करने वाली कंपनी दहरा ग्लोबल में कार्यरत अधिकारियों के खिलाफ सटीक आरोपों का कभी खुलासा नहीं किया गया। अक्टूबर 2023 में इन लोगों को मौत की सजा सुनाई गई थी। भारत ने इस कदम को स्तब्ध करने वाला बताया था। उसने सजा पर पुनर्विचार की अपील की थी।

# भारतीय रेलवे द्वारा पृथ्वी पर सबसे बड़े धार्मिक महासंगम की सुविधा – महा कुम्भ 2025

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** प्रयागराज में महा कुम्भ 2025 ने पहले ही 53 करोड़ पवित्र स्नान (स्नान) देखे हैं, जो इसे दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन बना रहे हैं। लाखों श्रद्धालु हर दिन यहां पहुंच रहे हैं, और भारतीय रेलवे इस भव्य आयोजन के दौरान यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने में मह *वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। महाकुम्भ क्षेत्र में पिछले 3 वर्षों में 5000 करोड़ की लागत से विशाल लॉजिस्टिक कार्य किए गए हैं, ताकि सभी यात्रियों के लिए सुगम अनुभव सुनिश्चित हो सके। इसमें रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण, 13,000 से अधिक ट्रेनों का संचालन और उन्नत भीड़ प्रबंधन प्रणालियाँ शामिल हैं। आइए जानते हैं कि भारतीय रेलवे इस भव्य आध्याा *मक आयोजन में कैसे सहायक हो रहा है:

**महा कुम्भ 2025 के लिए विशाल रेलवे संचालन**

यात्रा में सुगमता के लिए ट्रेन डाइवर्जन

* सभी मालगाड़ियों को डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में डायवर्ट किया गया है ताकि यात्री परिवहन को प्राथमिकता दी जा सके।

* 200 रेक्स को दोनों तरफ इंजन के साथ तैनात किया गया है ताकि शंटिंग ऑपरेशन से बचा जा सके।

**अभूतपूर्व संख्या में ट्रेन सेवाएं**

* 26 फरवरी 2025 तक 13,000 ट्रेनों का संचालन किया गया था, जिसमें से 16 फरवरी 2025 तक 12,583 ट्रेनों का संचालन हो चुका था।

* भारतीय रेलवे द्वारा शिखर यात्री भीड़ का प्रबंधन:



* 13 जनवरी 2025 से 3.09 करोड़ श्रद्धालुओं को प्रयागराज कुम्भ क्षेत्र में संभाला गया।

* 17 फरवरी 2025 को 18.60 लाख यात्रियों और 16 फरवरी 2025 को 18.48 लाख यात्रियों का आवागमन, जो पिछले दो दिनों में सबसे अधिक यात्री गतिविधियों में से एक रहा।

* अन्य प्रमुख शिखर तिथियाँ:

15 फरवरी: 14.76 लाख यात्री
12 फरवरी: 17 लाख यात्री
10 और 11 जनवरी: 14 लाख से अधिक यात्री
30 जनवरी: 17.57 लाख यात्री
29 जनवरी: 27 लाख यात्री
28 जनवरी: 14.15 लाख यात्री
14 जनवरी: 13.87 लाख यात्री

**रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं**

श्रद्धालुओं की विशाल संख्या को समायोजित करने के लिए भारतीय रेलवे ने निम्नलिखित सुविधाएं सुनिश्चित की हैं:

सुधारी गई बुनियादी ढांचा

* भीड़ प्रबंधन के लिए 9 रेलवे स्टेशनों पर द्वितीय प्रवेशद्वार।

* 48 प्लेटफार्म और 21 फुट ओवर ब्रिज यात्रियों की आवाजाही को सहज बनाने के लिए।

* प्रयागराज मेला क्षेत्र में 9 प्रमुख स्टेशनों पर 1,186 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

* 23 स्थायी होल्डिंग क्षेत्र यात्रियों की प्रतीक्षा को व्यवस्थित करने के लिए।

* प्रमुख स्टेशनों पर 12 भाषाओं में उद्घोषणा:

* प्रयागराज, नैनी, चियोकी, और सुबेदारगंज

**टिकटिंग सुधार**

* टिकटिंग प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए 554 टिकटिंग केंद्र, जिसमें 151 मोबाइल यूटीएस टिकटिंग प्वाइंट्स शामिल हैं।

**प्रमुख रेलवे बुनियादी ढांचा उन्नयन**

भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधाओं के लिए भारी निवेश किया है:

* 3,700 करोड़ का निवेश प्रमुख रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में, जिनमें शामिल हैं:

* बनारस-प्रयागराज रेल दो-हरीकरण, जिसमें एक नया गंगा पुल।

* फाफामऊ-जंघाई रेल दो-हरीकरण ट्रेन क्षमता बढ़ाने के लिए।

* 21 नए रोड ओवर ब्रिज और रोड अंडर ब्रिज सड़क और रेल परिवहन की सुविधा के लिए।

* यात्री मार्गदर्शन के लिए रंग कोडेड सिस्टम

यात्रियों के लिए यात्रा आश्रय, होल्डिंग क्षेत्रों और टिकटों का रंग-कोडेड सिस्टम किया गया है ताकि पहचान और दिशा-वार सेग्रेगेशन आसान हो सके:

* लाल: लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी

* नीला: डीडीयू, सासाराम, पटना

* पीला: मणिकपुर, झाँसी, सतना, कटनी (मध्य प्रदेश क्षेत्र)

* हरा: कानपुर, आगरा, दिल्ली

मजबूत सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन

यात्रियों की भारी संख्या को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा उपाय किए हैं:

* नियंत्रण केंद्रों की स्थापना विभिन्न स्तरों पर:

* स्टेशन स्तर, विभाग स्तर, ज़ोनल स्तर और रेलवे बोर्ड स्तर।

* सुरक्षा तैनाती

* 13,000 रेलवे सुरक्षा बल कर्मी।

* 10,000 सरकारी रेलवे पुलिस और पैरामिलिट्री कर्मी प्रमुख स्थानों पर तैनात।

* 3,000+ संचालन कर्मचारी सुनिश्चित करने के लिए।

अब तक 53 करोड़ स्नान हो चुके हैं, भारतीय रेलवे यह सुनिश्चित कर रहा है कि लाखों श्रद्धालु सुरक्षित और आरामदायक यात्रा कर सकें। विशेष ट्रेनों से लेकर उन्नत भीड़ नियंत्रण उपायों तक, रेलवे नेटवर्क दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन को कुशलतापूर्वक संभाल रहा है।

